हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर से प्रकाशित
मूल्य : दो रुपए
जमशेदपुर, शनिवार 29 मार्च 2025
नगर संस्करण
वर्ष: 01,अंक:313
RNI No. : JHAHIN - 01092
rashtrasamvad.com

## सुविचार

संसार को कौन प्रकाश देगा? अतीत का आधार त्याग ही था और भविष्य में सम्पन्न सैकड़ों बुद्धों की आवश्यकता है।

भारत समेत 5 देशों में भूकंप के झटके :

# म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप, 150 की मौत

## बैंकॉक में 30 मंजिला इमारत धराशायी; मलबे में 110 लोग दबे

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति पर चिंता जताई

**नेपीदा,एजेंसी।** म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में 150 से ज्यादा लोगों की जान गई है।

अकेले म्यांमार में 150 लोगों की मौत हुई है, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 110 लोग मलबे में दबे हुए हैं। लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है।

इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते





थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है।

अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34% यानी सबसे ज्यादा है।

**पहले भूकंप के 12 मिनट बाद 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया :** म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। पीटीआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया।

### पीएम मोदी ने जताई चिंता, बोले- हर संभव मदद के लिए तैयार



थाईलैंड और म्यांमार में आए भूकंप से भयंकर तबाही पर पीएम मोदी ने दुख जताया है. उन्होंने कहा कि म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं. सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं. भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है. इस संबंध में, हमने अपने अधिकारियों से तैयार रहने को कहा है. साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ संपर्क में रहने की भी चर्चा की है ।

# प्रत्याशियों के चयन में जिलाध्यक्ष बनेंगे भागीदार : के राजू

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की शुक्रवार को हुई। बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष, मंत्री और पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक और जिला अध्यक्ष सहित अन्य शामिल हुए। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू ने पार्टी नेताओं से हर माह संगठन की बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करके उसपर निर्णय लेने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जिला समिति को मजबूत करने के लिए गुजरात में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की गुजरात में समाप्ति के बाद झारखंड मेयर प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत विधानसभा



चुनाव में उम्मीदवारों के चयन में जिला अध्यक्षों को भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंरने कहा कि जिला समिति यदि कर्तव्यों का निर्वाह कर समिति को मजबूत बनाएगी तो उन्हें अधिकार भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस को भी जिम्मेदारी दी गई है।

### केंद्र के करतूत की जानकारी गांवों में देना जरूरी - मंत्री

बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा योजना के लिए पैसा नहीं दे रही है। इसे गांवों में बताना जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग रिम्स के लिए 100 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संगठन के लिए मंथन का कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। कांग्रेस के पास सभी चार महत्वपूर्ण विभाग हैं जो जनता से जुड़ा हुआ है, इससे सरकार के साथ-साथ संगठन को भी लाभ होगा।

### काम की जानकारी देंगे राष्ट्रीय नेतृत्व को : कमलेश

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन से मिले टास्क को पार्टी आगे बढ़ाएगी। एक-एक कार्यों की जानकारी राष्ट्रीय नेतृत्व को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के मामले पर पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व बेहद गंभीर है। कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। हम अपने किए कार्यों का श्रेय नहीं ले पाते हैं। हमारे जिम्में जो मंत्रालय हैं उसमें हमें इतना बेहतर करना है कि हमें इसका श्रेय मिले। गुड गवर्नेंस जनता की नजरों में हमेशा रहता है। विधायक राजेश कच?छप ने कहा कि हम अपने मूल्यों की रक्षा तभी कर पाएंगे जब केंद्र में भी कांग्रेस सरकार में भागीदार होगी। विजेंद्र सिंगला ने कहा कि हमें कांग्रेस की संपत्तियों को बचाना है कांग्रेस से भावनात्मक रूप से जुड़े लोगों ने इन संपत्तियों को विभिन्न माध्यमों से कांग्रेस को दिया था। सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि कनेक्ट केंद्र की अवधारणा संगठन को जाने की है।

### वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर के शहादत दिवस पर कार्यक्रम

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा।** चतरा सदर प्रखंड मुख्यालय के समीप नीलाम्बर पीताम्बर मैदान में वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर के 167वीं शहादत दिवस मनाया गया। खरवार भोगता समाज विकास संघ के जरिये आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, चतरा उपायुक्त रमेश घोलप समेत अन्य शामिल हुए। पूर्व मंत्री श्री भोगता ने वीर शहीदों के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर सन 1857 ई. की क्रांति में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इसके कारण अंग्रेजों ने 28 मार्च 1859 को दोनों को फांसी दे दी।

### स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद नीलांबर-पीतांबर का मनाया गया 166वां शहादत दिवस



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार के सदर प्रखंड के जोगनाटांड में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद नीलांबर-पीतांबर का 166वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अखिल झारखंड खरवार आदिवासी विकास परिषद की ओर से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कल्याण एवं अनुसूचित जनजाति मंत्री चमरा लिंडा शामिल हुए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की राज्य के सभी उपायुक्त के साथ बैठक

## निर्वाचन के गाइडलाइंस को ध्यान में रखकर करें कार्य : के. रवि कुमार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शुक्रवार को कहा है कि निर्वाचन के गाइडलाइंस को ध्यान में रखकर कार्य करें। इसमें किसी प्रकार के शॉर्टकट की जगह नहीं।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी और ईआरओ को अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक करने का निर्देश प्राप्त है। राजनीतिक दलों से प्राप्त सुझावों का निर्वाचन के कानूनी प्रावधानों के अनुसार, इनके क्रियान्यवयन के लिए कार्य करें। श्री कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से



सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाची पदाधिकारियों के लिए भेजे गए पीपीटी पर भी विस्तृत रूप से चर्चा किया एवं इसे बेहतर करने के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ओर से मतदाता पहचान पत्र से संबंधित मामले संज्ञान में लाए जाते हैं उनका ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर हो रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रमों एवं सबों के सम्मिलित प्रयास से मतदाता सूची में सुधार हुआ है।

विशेष

# ईद और सरहुल को लेकर राजधाना राची सहित पूरे राज्य में रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** ईद और सरहुल को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी संवेदनशील जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में 4533 जवानों की अतिरिक्त तैनाती की जायगी। वही हजारीबाग, गिरीडीह, जमशेदपुर और रांची में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश पुलिस मुख्यालय की ओर से दिया गया है। इन चारों जिलों में रैप को भी तैनात किया जाएगा। विशेष सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के लिए बलों की



प्रतिनियुक्ति 29 मार्च से दो अप्रैल तक के लिए की गई है। जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं। उन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश पुलिस मुख्यालय ने दिया है। डीजीपी के आदेश पर आईजी अभियान ने इसे लेकर शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। पुलिस कर्मियों को सुरक्षा उपकरणों के साथ प्रतिनियुक्त किया जाएगा। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि ईद और सरहुल को लेकर पूरे राज्य में सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस वालों की तैनाती की गई है।

### एनएसए और सीसीए के तहत होगी कार्रवाई : डीजीपी

सोशल मीडिया पर सम्प्रदायिक उपद्रव फैलाने वाले पर सीसीए की तहत कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया पर सम्प्रदायिक उपद्रव फैलाने वाले को न सिर्फ चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी, बल्कि आरोपित के विरुद्ध एनएसए और सीसीए के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर पुलिस कड़ी निगरानी रखेगी। किसी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन का निर्देश दिया गया है।

## खूंटी में रिमिक्स फॉल में डूबने से रांची निवासी दो सगे भाइयों की मौत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** खूंटी जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र स्थित रिमिक्स फॉल में डूबने से रांची निवासी दो सगे भाइयों की मौत हो गई। इनकी पहचान रांची के कोकर निवासी शुभम कुमार यादव और राजकुमार यादव के रूप में हुई है।

शुक्रवार को आठ युवक रांची से चार पहिया वाहन पर सवार होकर घूमने के लिए रिमिक्स फॉल पहुंचे थे। दोपहर करीब 12 बजे सभी युवक झरने के पास नहा रहे थे, जहां कांची नदी चट्टानों के नीचे से होकर गुजरती है। इस दौरान शुभम और राज नदी के तेज बहाव में बहकर



गहरे पानी में चले गए। अन्य युवकों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद राज कुमार यादव को बाहर निकाला गया और उसे बुंडू के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं, शुभम यादव का शव चट्टानों के बीच फंस गया था, जिसे निकालने में ग्रामीणों को साढ़े तीन घंटे लगे। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों भाइयों के परिजन मौके पर पहुंचे। उनके घर में मातम पसरा हुआ है और परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही मारंगहादा थाना प्रभारी शंकर विद्यार्थी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज द?िया है। चार दिन पहले खूंटी जिले के रेमता डैम में भी इसी तरह का हादसा हुआ था। रांची से डैम घूमने पहुंचे कुछ युवक जब डैम में नहाने उतरे, तो उनमें से एक सचिन डांग गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल पाया। सचिन रांची के अलकापुरी मुहल्ले का निवासी था।

## जल संरक्षण के लिए नये तरीके अपनाएं : मुख्य सचिव

**रांची,एजेंसी।** प्रदेश के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने झारखंड में जल संरक्षण के क्षेत्र में नये तरीके अपनाने पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय बनाकर इस दिशा में आगे बढ़ें।झारखंड में जल संसाधन के क्षेत्र में हुए अध्ययन और आंकड़े के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि राज्य में पर्याप्त बारिश होती है, लेकिन हम उसे पूरी तरह रोक नहीं पा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षण कैसे हो, इस दिशा में हमारा फोकस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के कई भागों में जल संकट चुनौती बनकर खड़ी हो चुकी है। झारखंड में अभी यह स्थिति नहीं है, लेकिन बढ़ती



जनसंख्या और क्लाइमेट चेंज के दौर में झारखंड में भी यह स्थिति धीरे-धीरे बन सकती है, इसलिए अभी से सचेत होकर इस दिशा में सार्थक पहल करने की जरूरत है। वह शुक्रवार को नेशनल वाटर मिशन के तहत राज्य आधारित एक्शन प्लान पर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में बोल रही थीं।

मुख्य सचिव ने कहा कि झारखंड में नेशनल वाटर मिशन के लिए जुटाए जा रहे पानी के खपत के आंकड़े जल संरक्षण और उसके प्रबंधन में हमारी काफी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि पानी की किल्लत वाले देश इजराइल और साइप्रस किस तरीके और तकनीक के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, इस पर भी हमें ध्यान देना चाहिए। बैठक के दौरान बताया गया कि टाटा और बोकारो स्टील जैसी बड़ी कंपनियों को राज्य सरकार पानी की सप्लाई करती है, इसलिए इसके आंकड़े हैं और उनसे सैकड़ों करोड़ रुपये टैक्स भी मिलता है। लेकिन, जो उद्योग भूगर्भ जल का उपयोग करते हैं, उसका डेटा नहीं मिल पाता। बताया गया कि भूगर्भ जल संरक्षण के लिए जल्द ही एक्शन प्लान लाने की तैयारी चल रही है।

मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में नगर विकास के प्रधान सचिव सुनील कुमार, जल संसाधन सचिव प्रशांत कुमार, कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्दीख, नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि डॉ.अजय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के नेशनल वाटर मिशन का मुख्य मकसद जल संरक्षण के साथ पानी की बर्बादी को कम से कम करना है। साथ ही मिशन का उद्देश्य राज्यों के समन्वित जल संसाधन, उसके विकास और प्रबंधन के द्वारा पानी का सामान वितरण सुनिश्चित करना है। चूंकि हर राज्य का जल संसाधन अलग-अलग है,इसलिए राज्य आधारित एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। स्टेट स्पेसफिक एक्शन प्लान के लिए झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू किया है।



# रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, प्रशासन द्वारा कई दिशा निर्देश दिए गए

**गुलाम मोहम्मद जकीउल्लाह**



**बड़कागांव।** रामनवमी एवं ईद त्योहार को लेकर बड़का गांव थाना परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं संचालन बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने की। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश का पालन करना है, किसी भी हालत में डीजे साउंड नहीं बजाना है। आप चोंगा बजा सकते हैं। ध्यान रहे भड़काऊ गाना किसी हालत में नहीं बजना चाहिए अगर ऐसा होता है तो संबंधित अखाड़े के पदाधिकारी और साउंड संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाएगा। दोनों समुदाय मिलजुल करके त्यौहार को मनाए जिले में बड़का गांव प्रखंड की विशिष्ट पहचान बनाएं। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल एवं सीओ मनोज कुमार ने कहा कि भगवान रामचंद्र जी का जन्मदिन लोग आदर्श के साथ मनाएं। कानून को हाथ में लेने वालों पर शख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। जो भी शिकायत हो तुरंत प्रशासन को जानकारी दें। वहीं थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि प्रस्तावित मार्ग से ही जुलूस निकाली जाएगी कोई भी अखाड़ा दूसरे मार्ग का प्रयोग नहीं करेंगे। ऐसा होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन कैमरा से जुलूस एवं छतों की निगरानी की जाएगी। ग्रामीण शरारती तत्वों की पहचान कर पुलिस को तुरंत सूचना दें ताकि उस पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। तमाम सोशल मीडिया ग्रुप में बड़कागांव पुलिस की पैनी नजर है, जो भी भड़काऊ मैसेज डालेंगे उन पर कार्रवाई होगी। वही रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी ने प्रखंड वासियों से हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक भाई चारगी के साथ रामनवमी मनाने अपील की । किसी भी प्रकार की कोई शिकायत हो तो तुरंत जानकारी दें। वही ग्रामीणों ने तमाम धर्म स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं जुलूस की रोज छतों की ड्रोन कैमरा से निगरानी रखने की मांग की है।

मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, बीडीओ जितेंद्र कु मंडल, सीओ मनोज कुमार, एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, आशीष भगत, राकेश खवास, रामावतार सिंह, हादी खान, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी, मुखिया मो तकरीमुल्लाह, पंसस उपेन्द्र कु प्रसाद, प्रभु राम, रंजीत चौबे, भीखन महतो, चंदन पूरी, बालेश्वर महतो, अजीत महतो, विष्णु रजक, श्रीकांत निराला, बसदेव यादव, हाजी तबस्सुम, सोहन लाल मेहता, सुरेश चौधरी, सुरेंद्र कु सोनी, सरोज सोनी, गौतम वर्मा ,विकाश कुमार,चंद्र साव, विशाल ठाकुर, अंगेश राणा, सनी कुमार, सुजीत कुमार, अनु विश्वकर्मा, मुकेश ठाकुर, सुभाष राणा, प्रमोद उर्फ पिंटू कुमार, ज्ञानी शर्मा, पवन रजक, छोटी साव, मजहर मलिक के अलावा अन्य उपस्थित थे। ध्यान रहे भड़काऊ गाना किसी हालत में नहीं बजना चाहिए अगर ऐसा होता है तो संबंधित अखाड़े के पदाधिकारी और साउंड संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाएगा। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल एवं सीओ मनोज कुमार ने कहा कि भगवान रामचंद्र जी का जन्मदिन लोग आदर्श के साथ मनाएं। कानून को हाथ में लेने वालों पर शख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अलविदा जुमे की नमाज में अमन चैन की मांगी गई दुआएं



कोयलांचल में अकीदत के साथ अदा की गई रमजान उल मुबारक के अलविदा जुमे की नमाज इसी दौरान गोविंदपुर के मस्जिदें इब्राहिमी में भी भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की इसी दौरान मस्जिद के इमामों खतीब इनायत उल्लाह कादरी ने बताया के रमजान के अलविदा जुमे की नमाज आज अकीदत के साथ अदा की गई। गरीबों पर खास तौर से ध्यान रखते हैं वहीं उन्होंने अपने बयान में कहा कि हम सबके प्यारे पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही कामयाबी हासिल हो सकती है वहीं जिला परिषद सोहराब अंसारी ने भी को बताया कि रमजान का यह महीना इबादत बरकत और रहमत का महीना है। आज रमजान के अलविदा जुमे की नमाज मस्जिदें इब्राहिमी में अकीदत के साथ अदा की गई और इसी दौरान उन्होंने गोविंदपुर वासियों एवं धनबाद वासियों को अलविदा जुमे एवं ईद की बधाई दी है वही उन्होंने कहा कि अपने आसपास के गरीबों पर खास तौर से ध्यान रखें।

### बड़कागांव प्रखंड में शांतिपूर्वक अलविदा जुम्मा की नमाज संपन्न



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बड़कागाँवः** रमजान के अंतिम जुम्मा को मस्जिदों में मुस्लिम धर्मलंबियों की भारी भीड़ देखी गई लोगों ने अलविदा जुम्मा की नमाज पढ़ी। और क्षेत्र की अमन चैन शांति की दुआ मांगी गई। बड़कागाँव प्रखंड के बादम, बड़कागाँव, चट्टी, सिरमा, छवानिया, डाड़ीकलाँ, चेपा खुर्द, सिंदूवारी, महूदी, बलिया, कनोदा, नापो, महुगाई, चंदौल, मिजार्पुर, इस्लाम पुर, हाहे, रुद्दी आदि गांव के मस्जिदों में अकीदत के साथ अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई। इस दौरान बच्चे युवा व बुजुर्ग सभी अकीदतमंदों ने मस्जिदों में नमाज अदा कर अपने गुनाहों की मगफिरत की दुआ मांगी।

अलविदा जुम्मा की नमाज में बादम जामा मस्जिद के इमाम ने कहा कि फितरा ईद की नमाज से पहले अदा कर देना चाहिए। वैसे बाद में अदा करने पर पहले फितरा के बदले मिलने वाला 70 गुना का सवाब नहीं मिलता। इसलिए लोगों को फितरा जितनी जल्दी हो सके अदा कर दे।

### कतरास थाना में रामनवमी पर्व को लेकर अखाड़ा कमेटी के साथ थाना प्रभारी ने की बैठक

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

धनबाद कतरास थाना में रामनवमी पर्व को लेकर अखाड़ा कमेटियों के थाना प्रभारी ने की बैठक इसी दौरान थाना प्रभारी ने सभी अखाड़ा कमेटियों के सदस्यों से अपील करते हुए कहा के किसी भी प्रकार से अखाड़ा में नहीं होनी चाहिए वही ईद पर्व को लेकर भी उन्होंने अपील करते हुए कहा के शांति एवं स्वास्थ्य के साथ सभी समुदाय अपने-अपना त्यौहार मनाया और भाईचारे को बनाए रखें वही सभी कमेटियों को कहा गया है कि डीजे पर संपूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी चुंग बजा सकते हैं एवं हुड़दंग करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा वहीं आपसी सौहार्द को बिगड़ने वालों को भी बक्शा नहीं जाएगा उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आप कमेटियों के साथ बैठक कर उन्हें जिला प्रशासन के दिए गए निदेर्शों का पालन करते हुए ही अखाड़ा खेले निकले एवं सभी का सम्मान करें अखाड़ा के मेंबरान से थाना प्रभारी ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में बैठक करें और मुझे बुलाए मेरे साथ बैठक करें।

### जेआरजीबी अंबा के बीएम सौमेन रॉय का पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में ट्रांसफर, विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

#### बीएम सौमेन रॉय के कार्य की सराहना हमेशा चौक-चौराहे पर होती रही



**निजाम खान। राष्ट्र संवाद**

जामताड़ाः झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक अंबा के शाखा प्रबंधक सौमेन रॉय का ट्रांसफर पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा स्थित बंगिया ग्रामीण विकास बैंक में स्थानांतरण हुआ। इसको लेकर शुक्रवार देर शाम विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के दौरान क्षेत्र के गणमान्य व बुद्धिजीवी गन उपस्थित हुए और शाखा प्रबंधक सौमेन रॉय को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया ।वहीं अंबा में शाखा प्रबंधक के रूप में रवीश कुमार झा पदस्थापित हुए एवं वहीं डीबीएम के पद पर कुंदन दास पदस्थापित हुए।इस मौके पर रवीश कुमार झा, कुंदन दास ,कैशियर प्रीतम कुमार मुर्मू, इस्ताक होसेन,अंबा पंचायत के पीएसएस सुकुमार बावरी,लालाटु चक्रवर्ती मौजूद रहे ।

सोमेन रॉय का कार्यशैलीः झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक अंबा के शाखा प्रबंधक सौमेन रॉय अपने व्यवहार और अपने कार्य से अमिट छाप क्षेत्र के लोगों को दिया।उनके कार्य की सराहना हमेशा हर चौक-चौराहे पर होती रही है।लोगों को किसी भी काम के लिए बैंक का बार-बार चक्कर नही काटना पड़ा है।यही नही कोई ग्राहक बैंक जाते और किसी भी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानना चाहते तो उन्हें विस्तारपूर्वक समझाते।यही नही जब भी सरकार की किसी भी प्रकार की योजना लांच हुई है तो उनके बारे में लोगों को स्वयं से जानकारी भी देते।यही कारण रहा कि सौमेन रॉय का व्यवहार क्षेत्र के लोगों ने काफी पसंद किया।बेंगोली भाषा के जानकार रहने के कारण भी क्षेत्र के लोगों के लिए बैंक के किसी भी योजना को समझने में क्षेत्र के लोगों को काफी आसानी होती रही।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिलास्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक का आयोजन



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**देवघरः** उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला वनाधिकार समिति विशाल सागर की अध्यक्षता में आज दिनांक-28.03.2025 को जिलास्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति के द्वारा हंसडीहा-जसीडीह संचरण लाईन के निर्माण हेतु प्रस्ताव जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसपर समिति के माध्यम से निर्णय लेते हुए झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा 132 के०वी० द्विपथ हसडीहा-जसीडीह संचरण लाईन के निर्माण के लिए वनभूमि अपयोजन हेतु एफ०आर०ए० (ाफअ) का आदेश दिया गया। साथ ही देवघर अंचल अंतर्गत गरीबखिल, मौजा एवं मोहनपुर अंचल अंतर्गत रोपनी, मौजा में भूमि संचरण लाईन का निर्माण हेतु जिलास्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक में जांच उपरांत पारित किया गया। बैठक में उपरोक्त के अलावे जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेख भूषण, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानंद दुबे,

### रानीश्वर प्रखंड क्षेत्र के जेएसएलपीएस आसनबनी कलस्टर के चार पंचायत के 35 गांवों के 135 किसानों के बीच ओल बीज का वितरण किया गया



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

रानीश्वर प्रखंड क्षेत्र के जेएसएलपीएस आसनबनी कलस्टर के चार पंचायत के 35 गांवों के 135 किसानों के बीच उद्यान विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के जनजातिय क्षेत्रिय उपयोजना अन्तर्गत उद्यान विकास की योजना के तहत ओल की खेती के लिए कृषकों बीज वितरण किया गया।

शुक्रवार 6 बजे जेएसएलपीएस पीआरपी राधेश्याम सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि सीसी सुरेंद्र हांसदा, सीएलएफ राजश्री कुमारी राणा,लेखपाल पृथ्वी हांसदा की उपस्थिति जिला उद्यान विभाग की निदेर्शानुसार उक्त किसानों के बीच वितरण किया गया है।

### बीओआई कुंडहित के बीएम विवेक कुमार ने अनुसूचित जनजातिय आवासीय बालिका विद्यालय में दिया दो ड्रम



**राष्ट्र संवाद सं**

**जामताड़ाः** कुंडहित के बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विवेक कुमार के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया की ओर से अनुसूचित जनजातिय आवासीय बालिका विद्यालय कुंडहित में स्कूली बच्चियों के लिए दो ड्रम दिया गया । मौके पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि इस ड्रम का देने का मुख्य उद्देश्य यही है कि इस ड्रम में स्कूली बच्चियों को स्वच्छ पानी रखने में आसानी हो।

किसी प्रकार का दिक्कतों का सामना न करना पड़ा। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य भी मौजूद रहे।

# विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन में राज्य के सबसे ज्वलंत मुद्दा विस्थापन को उठाया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**विस्थापित परिवार का सदस्य होने के नाते विस्थापितों का दर्द समझता हूं : रोशन लाल चौधरी**




**बड़कागाँवः** विधानसभा के अंतिम दिन गुरुवार को विधायक रोशन लाल चौधरी ने झारखंड विधानसभा में अपनी बातो को प्रमुखता से रखा। विधायक रोशनलाल चौधरी ने सदन में सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में भू-अर्जन और विस्थापन को लेकर भू अर्जन अधिनियम 1894 कोल बीयरिंग एक्ट भू अर्जन एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकार एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 तथा झारखंड स्वेच्छिक भू अर्जन अधिनियम 2010 लागू है । लेकिन इन अधिनियमों में भू अर्जन, पुनर्व्यवस्थापन, पुनर्वास, मुआवजा भुगतान की नीति अलग अलग रहने के कारण राज्य के मूलवासी आदिवासी को विस्थापन के बाद उचित पुनर्वास, पुनर्व्यवस्थापन मुआवजा भुगतान भी अलग अलग होता हैं । जिसके कारण विस्थापन के पश्चात एक दो पीढ़ी के बाद विस्थापितों के परिवार की स्थिति दयनीय हो जाती हैं । विस्थापितों के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन, पुनर्वास, पुनर्व्यवस्थापन को समरूप करते हुए विस्थापन, पुनर्वास, पुनर्व्यवस्थापन आयोग का गठन किया जाए ।

जिसके जवाब में परिवहन विभाग मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि सरकार के द्वारा राज्य विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा और नियमावली 2024 तैयार किया गया हैं । नियमावली अनुमोदन के प्राक्कलन प्रक्रियाधीन हैं । जिसका गठन 90 दिनों के अंदर कर लिया जाएगा । जबाव के बाद विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा मंत्री जी से मैने अनुरोध किया हैं कि चुकी पूरे झारखंड में लगभग 3200 गांव में 1200 गांव विस्थापित प्रभावित हैं, तथा मैं जिस विधानसभा क्षेत्र से आता हूं वहां लगभग 50% से भी अधिक क्षेत्र विस्थापित प्रभावित हैं । जितने भी अधिनियम 2013, 2010 का जिक्र हुआ हैं, सरकारी पदाधिकारी चाहे राज्य के हो या केंद्र सरकार, एन.टी.पी.सी. के किसी भी नियम का पालन नहीं होता हैं । पालन कैसे हो सरकार इसे सुनिश्चित करें । क्योंकि जो भी विस्थापित प्रभावित परिवार हैं अपने अधिकार के लिए यदि कार्यालय भी जाते हैं तो कार्यालय में प्रवेश भी नहीं करने दिया जाता हैं । सरकार इसे तय करे अन्यथा पूरा विस्थापित एवं आने वाले समय में पूरा झारखंड विस्थापित होने जा रहा हैं।

# धनबाद आईडीबीआई बैंक बैंक मोड़ ब्रांच के बाहर जिला परिषद के संवेदकों ने भुगतान रोकने पर बैंक के बाहर दिया धरना

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



धनबाद बैंक मोड धनबाद स्थित आईडीबीआई बैंक के बैंक मोड़ ब्रांच के बाहर सभी भुगतान से परेशान संवेदकों ने दिया धरना, जिले में बन रहे स्वस्थ केंद्र के भुगतान लगभग 2 करोड़ से भी अधिक सभी संवेदकों का मिलकर है, जो उस ब्रांच के मैनेजर ने भुगतान करने से मना कर दिया, कहा कि वित्त वर्ष 24-25 खतम होने के बाद करेंगे, जिला परिषद कार्यालय से विपत्र पारित होकर भुगतान हेतु दिनांक 27.03.2025 को हीं बैंक को दिया गया था पर भुगतान नहीं होने पर 28.03.2025 को सभी संवेदक बैंक पहुंचे, बैंक के द्वारा पता चला कि ॅरळ का 2% जो काटता है वह दिनांक 27.03.2025 को हीं भुगतान होगया है, तो बाकी पैसा भुगतान क्यों नहीं हुआ, संवेदकों ने बैंक से हीं बैंक के वरिष्ठ अधिकारी से बात कर अनुरोध किया कि हमारे सभी लेबर ग्रामीण क्षेत्र से है और ईद में कल भुगतान करना जरूरी है, और ठेकेदार का भी बैलेंस शीट का टर्नओवर कम हो जाएगा, फिर भी बैंक अमानवीय व्यवहार करते हुए संवेदकों का एक ना सुना, वही संवेदक मोहम्मद रसाद खान ने कहा की आईडीबीआई बैंक प्राइवेट बैंक है किस नियम के तहत सरकारी पैसा प्राइवेट बैंक में रखा जा रहा है और इसमें किसका फायदा है यह जॉच का भी विषय है, वहीं मौके पर मुख्य रूप से संवेदक संघ के अध्यक्ष श्री अकाश रवानी वरिष्ठ संवेदक श्री राजेश सिंह, संवेदक श्री होरेन चौधरी, पप्पू चौरसिया, अस्लम अंसारी, काशी नाथ प्रसाद सुमित घोष एवं अन्य संवेदक गण मौजूद थे।

# महुदी विद्यालय में शौचालय उद्घाटन एवं साइकिल वितरण किया गया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**क्षेत्र के विकास और समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता : प्रमुख फुलवा देवी**



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड संसाधन केंद्र के कांडतरी पंचायत अंतर्गत शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदी में झारखंड सरकार कल्याण विभाग के द्वारा संचालित उन्नति का पहिया कार्यक्रम योजना के तहत वर्ग 8 वीं में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओ के बीच 35 (पैंतिस) साइकिल का वितरण एवं पंचायत समिति योजना से विद्यालय बने शौचालय का उद्घाटन प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार राणा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी , काडंतरी पंचायत प्रभारी मुखिया राजदेव प्रसाद , पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे ने फीता काटकर किया।मौके पर मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि समस्या का समाधान करना एवं क्षेत्र का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है।सरकार बच्चों को समय पर साइकिल मुहैया करा कर काफी सराहनीय कार्य किया है।साइकिल पाकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे।मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी , प्रभारी मुखिया राजदेव प्रसाद , पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे , वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गणेश राम ,समाज सेवी राजकुमार राणा , एसएमसी अध्यक्ष दशरथ कुमार राणा, उपाध्यक्ष तरंनुम निशा ,संयोजिका शिवंति देवी मौजूद थी।

# विकलांग अनवारूल ने अलविदा जुम्मा का रखा रोजा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**बड़कागांवः** रमजान का पवित्र महीना अब अपने अंतिम पड़ाव में हुआ। रमजान के पवित्र महीने मुस्लिम समुदाय के औरत, मर्द, बुजुर्ग, युवा, और सेहत मंद लोग रमजान के रोजे रख रहे हैं। बड़कागांव प्रखंड के ग्राम बादम निवासी सजरुल हसन का 13 वर्षीय पुत्र अनवारूल हसन ने भी अलविदा जुम्मे का रोजा रखा। 13 वर्ष के बच्चे का रोज रखना आम बात है लेकिन अनवारूल का मामला अलग है। अनवारूल हाथ और पैर से पूरी तरह विकलांग है। बातें भी बहुत कम करता है। अनवारूल को व्हील चेयर या फिर गोदी में उठा कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जाता है। अनवारूल से पूछने पर मासूम अदा के साथ मुस्कुराते हुए बताया के रोजा रखने में कोई परेशानी नहीं होती है। जब सवाल किया के तुम सेहरी में क्या खाते हो तो किया मुस्कुराते हुए तोतली जबान में अनवारूल ने कहा टेट, रोती औल दूध (यानी केक, रोटी और दूध) खाते हैं। इस दौरान अनवारूल काफी खुश नजर आया। अनवारूल के दादा मेहरुल हसन ने बताया के अनवारूल का ये पांचवां रोजा है।

श्री हसन से हम ने कहा के अनवारूल विकलांग है तो इसे रोजा क्यूं रखने देते हैं, इस्लाम धर्म में पूरी तरह से स्वास्थ्य लोगों पर रोजा फर्ज.है। तो उन्होंने कहा के हमलोग मना करते हैं लेकिन प्रत्येक शुक्रवार को अनवारूल रोजा रखने के लिए जिद्द कर देता है और किसी की नहीं सुनता। हमलोग भी चाहते हैं के कुदरत ने तो अनवारूल को विकलांग पैदा किया है लेकिन जिस काम से अनवारूल खुश होता है और अगर वो गलत काम नहीं है तो उसे करने दें।

अनवारूल का रोजा रखना हमें शिक्षा देता है के परिस्थिति कैसी भी हो हमें अपने अल्लाह, भगवान ईश्वर को नहीं भूलना चाहिए।

# मोहरदा जलापूर्ति योजना पर विधायक पूर्णिमा साहू के सवालों और सुझावों का सरकार ने दिया जवाब

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा-मोहरदा से नही होगी दूषित जलापूर्ति

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा में मोहरदा से दूषित जलापूर्ति के मामले में सरकार ने कहा कि स्वच्छ जलापूर्ति को लेकर समाधान की प्रक्रिया चल रही है। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने इस संबंध में सरकार से सवाल किया था। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि फिल्टर प्लांट को ज्यादा गहराई में लगाने से दूषित जल की समस्या से निजात पायी जा सकती है। इसके जवाब में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा कहा गया कि मोहरदा जलापूर्ति योजना से संबंधित डी०पी०आर० पर मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, आदित्यपुर के द्वारा निर्माण कराया गया है। मोहरदा जलापूर्ति योजना का संचालन एवं रख-रखाव टाटा स्टील लिमिटेड



की अनुषंगी इकाई टाटा स्टील युआईएसल (पूर्व में जुस्को) द्वारा पीपीपी मोड पर कराया जा रहा है। इंटेकवेल की गहराई को लेकर गत दिनांक 12 मार्च, 25 को उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के अध्यक्षता में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति एवं टाटा स्टील युआईएसल के बीच बैठक हुई है। बैठक में तकनीकी पहलुओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ, जिसमें उक्त समस्या के यथाशीघ्र समाधान करने का निर्णय लिया गया है।

गौरतलब है कि विधायक पूर्णिमा साहू ने मोहरदा से स्वच्छ जलापूर्ति के संबंध में उपायुक्त के साथ बैठक कर समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया था। विधायक पूर्णिमा साहू ने हर्ष जताते हुए कि इस निर्णय के लागू होने के साथ ही जल्द लोगों को स्वच्छ जल मिलेगा।

इसके साथ ही, विधायक पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर-रांची मार्ग पर स्थित कांची नदी पर बड़ा पुल बनाने के संबंध में भी सरकार से सवाल किया। इस सवाल पर सरकार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा कांची नदी पर नया पुल बनाया जा रहा है। पथ के चौड़ीकरण के दौरान कांची नदी पर पूर्व से निर्मित पुल के बायें और नये पुल का निर्माण कार्य कराया गया है। वर्तमान में पूर्व से निर्मित पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क सुरक्षा को दृष्टिकोण से यातायात आवागमन को स्थगित किया गया है एवं नवनिर्मित पुल के माध्यम से आवागमन संचालित है। उक्त क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नये पुल निर्माण हेतु निविदा का निष्पादन करते हुए एकरारनामा संपादित कर लिया गया है। वर्तमान में मिट्टी अन्वेषण का कार्य प्रगति पर है। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि इस पुल के निर्माण के बाद लोगों को आवागमन में और सुविधा होगी।

## आदिवासी युवा संगठन द्वारा 6 अप्रैल को आदिवासी सेमभेद कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

आदिवासी युवा संगठन ₹ के द्वारा एक प्रेस संवादाता सम्मेलन का आयोजन किया गया ।

जिसका उद्देश्य 6 अप्रैल को जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित रिंगल (गोपाल) मैदान में एक आदिवासी सेमभेद (सामाजिक) कार्यक्रम का भव्य आयोजन पिछले वर्ष की भाति किया जाएगा । इस सेमलेद कार्यक्रम को बाः बाहा और सरहुन पर्व के नाम से मनाया जाएगा।

इस एक दिवसिय सेमलेद कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न आदिवासी समुदायों के लोग सिरकत करेंगें। इस सेमलेद कार्यक्रम में विक्षेष रूप से



आदिवासी समुदाय के उपसमुदाय जैसेः- संथाल, हो, भुमिष, उरॉव, मुण्डा एवं असम और मणिपुर से कुकि समुदाय के लोगो की आने की संम्भावना है।

हमारे आदिवासी समाज के बडे नेता डॉ० राम दयाल मुण्डा जी ने कहा है भ्जे ताची से बाची' इसलिए इस सेमनेद कार्यक्रम में अपने-अपने समाज के बाः, बाहा और सरसुन का जो सामाजिक नृत्य है। उसकी प्रस्तुती की जाएगी।

आदिवासी समुदाय एवं उपसमुदाय से आग्राह एवं निवेदन है कि सभी लोग अपना पारंपारिक वेश भूषा में 6 अप्रैल 2025 को रिगल (गोपाल) मैदान में सिरकत कर आदिवासी युवा संगठन का पिछले वर्ष की भांति मनोबल बढाएगें।

## सोनारी पुलिस का कमाल, केस खत्म 15 महीने बाद गवाह को सम्मन का तमीला






राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः**सोनारी पुलिस ने सेशन ट्रायल के एक मामले में गवाह को सम्मन का तमीला 15 महीने बाद करवाया है, जबकि सेशन सुनवाई कर रही प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एसीजेएम) के न्यायालय में केस खत्म हो चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनारी थाना प्रभारी को जीआर संख्या 267/2021 तथा सेशन ट्रायल संख्या एसटी 503/2022 के गवाह चिरंजीव कुमार दत्ता निवासी ई109, सोनारी को पेश करने का सम्मन 28 नवंबर 2023 को जारी किया गया। साथ ही पुलिस को आदेश दिया गया कि 18 दिसंबर 2023 तक तमीला रिपोर्ट न्यायालय को दे दी जाए सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार सिन्हा के न्यायालय में अभियोजन के गवाह को 17 जनवरी 2024 को पेश होना था।

वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में यह सम्मन 7 दिसंबर 2023 तथा सोनारी पुलिस को 8 दिसंबर 2023 को प्राप्त हुआ। लेकिन, आश्चर्यजनक तथ्य इसमें यह है कि एसआई शिवम राज को 2 फरवरी 2025 को सम्मन मिला और उन्होंने 28 मार्च 2025 को इसे तमिला करवाया। जबकि पांच फरवरी को न्यायालय का फैसला आया। जिसमें आरोपी को आरोपमुक्त कर दिया गया।

## जुम्मा तुल विदा के अवसर पर केंद्र सरकार का विरोध

राष्ट्र संवाद संवाददाता

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य रियाजुद्दीन खान ने जुम्मा तुल विदा के अवसर पर अपने हाथ में काली पट्टी बांधकर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ अमेंडमेंट बिल का शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस नेता रियाजुद्दीन खान ने कहा कि वक्फ अमेंडमेंट बिल बलपूर्वक पास करा कर केंद्र सरकार मुस्लिम अल्पसंख्यको की जमीन और संपत्ति को हड़प्पना चाहती है और उन्हें आर्थिक रूप से दिव्यांग और कमजोर बनाना चाहती है जो गैर संवैधानिक है और किसी भी दृष्टिकोण से तर्क संगत नहीं है। इसलिए हम मांग करते हैं कि केंद्र सरकार मुस्लिम वक्फ बोर्ड अमेंडमेंट बिल को तत्काल प्रभाव से वापस ले।

रियाजुद्दीन खाने आगे कहा कि यह




बड़ा हास्यास्पद लगता है कि एक तरफ तो यह मोदी सरकार मुस्लिम अल्पसंख्यकों की वक्फ की संपत्ति को मुसलमान से छीनने की साजिश कर रही है वहीं दूसरी तरफ सौगात ए मोदी रूपी ईद गिफ्ट का लॉलीपॉप देकर उन्हें छलने का काम कर रही है इससे मुसलमान को सावधान रहने की जरूरत है। यह तो वही बात है की मुंह में राम बगल में छुरी। मुसलमानों को को ऐसे राजनीतिक सौगात मोदी ईद किट का बहिष्कार करना चाहिए। कांग्रेस नेता रियाजुद्दीन खान ने कहा कि केंद्र सरकार जब तक वक्फ बोर्ड अमेंडमेंट बिल वापस नहीं लेती है तब तक हम मुसलमान इस तरह का सौगाते ईद किट नहीं लेंगे।हां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को अगर मुसलमान से इतनी ही मोहब्बत और हमदर्दी है तो पहले वह वक्फ बोर्ड अमेंडमेंट बिल को वापस ले लें तब हम लोग उनकी सौगात को स्वीकार करेंगे अन्यथा नहीं, यही हम लोगों का निर्णय है। अफसोस तो तब होता है अभी-अभी कुछ दिन पहले हमारे बहुत संख्यक भाइयों का सबसे बड़ा होली का त्योहार संपन्न हुआ लेकिन तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेताओं। द्वारा पवित्र होली पर्व के अवसर पर हिंदू भाइयों के लिए कोई सौगात और उपहार देने का काम नहीं किया और अब मुसलमान के लिए ईद पर उपहार दे रहे हैं यह दोहरा मापदंड है जो हमें पसंद नहीं है। सरकार राज धर्म का पालन करें और सभी धर्मावलंबियों के लिए समान नीति अपनाए और दोहरी नीति से बचे।

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम से संबंधित एक दिवसीय मुखिया कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जिला प्रशासन एवं पिरामल फाउंडेशन द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पंचायतों को सक्षम बनाने हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं पंचायती राज प्रक्षेत्रों में संचालित योजनाओं के लिए आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में एक दिवसीय मुखिया कार्यशाला का आयोजन कैनेलाइट होटल, साक्ची में किया गया । कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त श्री अनिकेत सचान शामिल हुए । पोटका, मुसाबनी, पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के मुखियागण ने इस कार्यशाला में शिरकत की । कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित मुखियागण को जानकारी दी गई कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं पंचायती राज के बीच समन्वय बनाकर किस प्रकार पंचायत क्षेत्र का समग्र विकास किया जा सकता है तथा इसमें मुखियागण की क्या



भूमिका एवं जिम्मेदारी होगी ।

उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मुखियागण के इच्छुक होने के बावजूद कई बार जानकारी के अभाव में सही योजनाओं का चयन पंचायत क्षेत्र के लिए नहीं हो पाता है। उन्होने कहा कि जिन्हें योजना का लाभ मिलना है उनका भी जागरूक होना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र में अच्छी सुविधा कैसे मिले जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके इस दिशा में योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जाना आवश्यक है । मुखियागण से यह अपेक्षित है कि ग्राम पंचायत को सशक्त बनाने के लिए योजनाओं के चयन में जिला प्रशासन का सहयोग करें । आपके पंचायत क्षेत्र में जो भी सरकारी परिसंपत्ति है उनके संचालन के लिए स्वयं आगे आएं, कुछ प्रस्ताव, विचार, सुझाव जरूर दें ताकि पंचायतों में मूलभूत सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं पंचायती राज के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो सके । कार्यशाला को एसीएमओ डॉ जोगेश्वर प्रसाद, जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ ए मित्रा, जिला योजना पदाधिकारी श्री मृत्युंजय कुमार व अन्य ने संबोधित किया। वक्ताओं ने मुखियागण की भूमिका को रेखांकित किया तथा कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण या पंचायती राज के क्षेत्र में पंचायतों का समुचित विकास तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्थानीय नेतृत्व की इसमें सक्रिय भागीदारी हो। मुखिया, ग्राम स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और समुदाय को शिक्षित करने तथा पंचायतों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आम जनों से जुड़ी कई समस्याओं का निराकरण पंचायत स्तर पर किया जा सकता है। मौके पर मुखियागण से भी उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान का प्रयास किया गया।

इस कार्यशाला में एमओआईसी, बीईईओ, महिला पर्यवेक्षिका, प्रखंड स्वास्थ्य मैनेजर, बीपीएम, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर पंचायती राज, पिरामल फाउंडेशन से दिवाकर शर्मा, अभिषेक झा, शशि भूषण व अन्य उपस्थित रहे ।

## कदमा ब्रह्मर्षि भवन में सहजानंद सरस्वती का 136 वा जयंती 30 मार्च को भोजपुरी गायक गोलू मुंडा व सुश्री निशा पांडे अपने भोजपुरी गीतों से दर्शकों को झुमायेगे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### केंद्र सरकार सहजानंद सरस्वती के जन्म दिवस में सरकारी छुट्टी घोषित करेःविकास सिंह

**जमशेदपुर** :स्वामी सहजानंद सरस्वती का 136 वा जयंती 30 मार्च को कदमा के ब्रह्मर्षि भवन में होना है।जिसको लेकर स्वामी सहजानंद सरस्वती कल्याण संस्थान की ओर से कदमा स्थित ब्रह्मर्षि भवन परिसर में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती किसान आंदोलन के प्रणेता थे। किसान आंदोलन की लड़ाई हर जाति समाज के लिए लड़ी। उनके विचार धारा को समाज जन_ जन तक फैलाने का काम समाज करेगा। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार स्वामी सहजानंद सरस्वती के जन्म दिवस पर सरकारी



छुट्टी घोषित करे ताकि समाज के सर्वहारा नेता को सम्मान मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती एक व्यक्ति नहीं थे एक विचार थे। इस संवाददाता सम्मेलन को दीपू सिंह, जय किशोर ने भी संबोधित कियान।इस कार्यक्रम में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह,पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत महतो, पूर्व मुख्य मंत्री रघुवर दास, समेत समाज के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित।किया गया है। इस कार्यक्रम में दो भोजपुरी गायक गोलू मुंडा व सुश्री निशा पांडे अपने भोजपुरी गीतों से दर्शकों को झुमायेंगे।

इस संवाददाता सम्मेलन में ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष विकास सिंह, समेत संस्थान के अध्यक्ष दीपू सिंह, संस्थापक महासचिव राजकिशोर सिंह, महासचिव जय कुमार, राकेश कुमार, राजीव कुमार ने हिस्सा लिया।

## श्री श्री विजय बजरंग मंदिर जंबू अखाड़ा द्वारा रामनवमी महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

श्री श्री विजय बजरंग मंदिर जंबू अखाड़ा के तत्वाधान में रामनवमी महोत्सव 2025 के आयोजन संबंधित प्रेस कांफ्रेंस को लेकर जंबू अखाड़ा प्रांगण में अखाड़ा समिति के संरक्षक बंटी सिंह ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्र, चैती छठ, सरहुल एवं रामनवमी की शुभकामनाएं देकर कहा कि जंबू अखाड़ा समिति द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 30 मार्च, रविवार से लेकर 7 अप्रैल सोमवार तक हर्षोल्लास के साथ, सांस्कृतिक, धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्री रामनवमी जन्मोत्सव का महा आयोजन किया जाएगा।

इस रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ अखंड हरि राम नाम संकीर्तन से किया जाएगा जो की 30 मार्च से 1 अप्रैल तक निरंतर 48 घंटे तक झारखंड एवं बंगाल से आए कीर्तन मंडलियों के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। 1अप्रैल से 2 अप्रैल तक संपूर्ण रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा।

3 अप्रैल संध्या 5:30 बजे से महाषष्ठी के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कलश यात्रा सह शोभा यात्रा



निकाली जाएगी ।इस मौके पर 21 श्री राम भक्तों द्वारा कलश लेकर चलेंगे, कलश यात्रा में हरियाणा की प्रसिद्ध अमित एंड ग्रुप और जमशेदपुर के कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकियां एक रथ पर राम दरबार व एक रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा का जीवंत चित्रण दिखाए जाएगा। साथ ही अघोरियों का नृत्य व बाहुबली हनुमान श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करेंगे। यात्रा में 15 से अधिक जमशेदपुर के विभिन्न स्थानों से आए हुए डंका, सिंग बाजा मौजूद रहेंगे। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण कटक, उड़ीसा के समूह द्वारा आतिशबाजी की प्रस्तुति श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करेगी। 3 अप्रैल को जंबू अखाड़ा मंदिर प्रांगण में तराना ग्रुप द्वारा श्रद्धालुओं के बीच भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

4,5 एवं 6 अप्रैल को श्री हनुमान जी की विधि विधान के साथ पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना, ध्वजा पूजन, शस्त्र पूजन, संध्या आरती के उपरांत जंबू अखाड़ा के प्रशिक्षित बच्चों द्वारा अखाड़ा करतब बाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में 4 अप्रैल कोलकाता की सुप्रसिद्ध भजन गायिका रानी रंजन, 5 अप्रैल को धनबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक पिंटू शर्मा एवं 6 अप्रैल को जमशेदपुर के लोकप्रिय भजन गायक कृष्णमूर्ति द्वारा भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। जंबू अखाड़ा समिति की ओर से इस महा उत्सव के दौरान प्रति संध्या श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा, शुद्ध पानी का प्याऊ लगाया जाएगा ।विजयादशमी के पावन अवसर पर जंबू अखाड़ा द्वारा भव्य एवं विशाल विसर्जन जुलूस निकाला जाएगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित जंबू अखाड़ा के संरक्षक बंटी सिंह ने संबोधित किया और लाइसेंसी रणबीर मंडल, सचिव मधुसूदन गोस्वामी, सुमित सिंह, आकाश प्रसाद, अनिल शर्मा, उपेन्द्र पाल, आदि और लोग उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### हनुमान भजन ःपटना के मंदिरः का विमोचन सरयू राय करेंगे

राष्ट्र संवाद संवाददाता




तोमर सत्येंद्र सिंह द्वारा लिखित हनुमान भजन ह्यपटना के मंदिरह्न का विमोचन दिनांक 30 मार्च को दिन मे 12 बजे बाबा भूतनाथ मंदिर, सोनारी, जमशेदपुर मे होगा, जिसमे जमशेदपुर पश्चिम के लोकप्रिय विधायक ह्यसरयू राय जीह्न मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहेंगे। उक्त समारोह मे आशीर्वाद प्रदान करने हेतु शिक्षाविद/समाज सेवक ह्यशिव प्रकाश शर्माह्न, सम्राट साउंड के निदेशक/भूतनाथ मंदिर के सह सचिव ह्यआशुतोष सिंहह्न, उदय मूवीज के निमार्ता/निर्देशक ह्यउदय साहू के साथ शहर की अन्य गणमान्य विभूतियाँ शोभा बढ़ाएँगी।

उक्त हंनुमान भजन ह्यपटना के मंदिरह्न को लोकप्रिय गायक ह्यभवेश कुमारह्न ने अपनी आवाज दी है। संगीत निर्देशन ह्यमनीष राजाह्न का है एवं भजन की रिकॉर्डिंग ह्यतरंग अडियो स्टूडिओह्न मे प्रख्यात गायक/संगीतकार ह्यपंकज झाह्न की देखरेख मे हुई है। भजन का निर्माण ह्यटीम फिल्म्सह्न के प्रबंधक ह्यसुनील सिंहह्न के संयोजन मे हुआ है। हनुमान भक्तों के हृदय मे यह भजन अपार भक्ति जाग्रत करने की क्षमता रखता है।

तोमर सत्येन्द्र सिंह ने यह भी बताया कि उनके द्वारा लिखित दर्द भरे गीत ह्यदिल के अरमानह्न की रिकॉर्डिंग मुंबई मे प्रख्यात गायिका ह्यसौम्या वर्माह्न की सुमधुर आवाज मे होने वाली है, जिसको भी ह्यसुनील सिंहह्न के द्वारा ह्यटीम फिल्म्सह्न के अंतर्गत रिलीज किया जाएगा, जिसका विमोचन भी सरयू राय जी द्वारा किया जाएगा।

### आगामी त्योहारों मे शांति व्यवस्था के लिए जमशेदपुर पुलिस अलर्ट, किया गया मॉक ड्रिल



राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर मे जिला प्रशासन हाल के दिनों मे आगामी पर्व त्योहार मे कोई विवाद ना हो इसे लेकर व्यापक तैयारी कर लिया है। आगामी दिनों मे रामनवामी, ईद, सरहुल और हिन्दू नव वर्ष का जुलुस शांतिपूर्ण माहौल मे सम्पन्न हो सके इसके लिए सभी थाना क्षेत्र मे शांति समिति की बैठक कर क्षेत्र मे पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती की रणनीति बनाई है।

इधर पर्व त्योहार मे उपद्रवियों से निपटने के लिए गोलमुरी पुलिस लाइन मे मॉक ड्रिल किया गया। जिले के एसएसपी के नेतृत्व मे मॉक ड्रिल मे पुलिस के जवानों को दो टुकड़ी मे बांटा गया एक तरफ उपद्रवी और दूसरी तरफ पुलिस की कार्रवाई को प्रस्तुत किया गया जिसमे पानी का फव्वारा आंसू गैस के अलावा अंतिम समय मे मामले को शांत करने के लिए हवाई फायरिंग की गई।

### अज्ञात अपराधियों ने एक युवक पर किया चापड़ से हमला ,स्थिति नाजुक

राष्ट्र संवाद संवाददाता



जमशेदपुर के आजाद नगर थाना अंतर्गत रोड नंबर 20 में गुरुवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक युवक पर चापड़ से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है. युवक की पहचान कपाली निवासी 21 वर्षीय अरमान के रूप में हुई है. गंभीर रूप से घायल अरमान को रिम्स ले जाया गया है. जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. बताया जाता है कि अरमान अल कबीर पॉलिटेक्निक कॉलेज में अपनी पढ़ाई पूरी कर हैदराबाद में नौकरी कर रहा है. ईद की छुट्टियों में वह अपने घर आया हुआ था. हमला किसने और क्यों किया फिलहाल इसकी जानकारी हासिल नहीं हो सकी है.

### आनंद मार्ग ने 2 जन्मजात कटे होंठ एवं तालु वाले बच्चों का दुगार्पुर ऑपरेशन स्माइल में निशुल्क ऑपरेशन करवाया

राष्ट्र संवाद संवाददाता



आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल ,प्रिवेंशन ऑफ क्रेबिलिटी एनिमल्स एंड प्लांट्स ,ऑपरेशन स्माइल एवं इंगा हेल्थ फाऊंडेशन के प्रयास से जन्मजात होंठ कटा तालुकटा 2 रोगियों का नि :शुल्क ऑपरेशन स्माइल मिशन दुगार्पुर में ऑपरेशन किया गया ।ऑपरेशन निशुल्क किया गया । एक बच्चों के साथ दो गार्जियन को जमशेदपुर से दुगार्पुर चिकित्सा के लिए भेजा गया था जिसका बस भाड़ा आने जाने का संस्था की ओर से दिया गया ।दुगार्पुर आई क्यू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पेशेंट कोऑर्डिनेटर शुभम विश्वास ने कहा कटे होंठ और तालू विकास के दौरान चेहरे के ऊतकों के ठीक से नहीं जुड़ने के कारण होता है ।यह एक प्रकार का जन्मगत दोष है। गर्भावस्था के दौरान धूम्रपान, बहुत कम उम्र में एवं अधिक उम्र मे माँ बनना । गर्भावस्था के समय में कुपोषण के शिकार इत्यादि कारण है ।कटे हुए होंठ एवं तालु का सर्जरी चिकित्सा के द्वारा सफल इलाज संभव है ऐसे रोगी पूरे विश्व में 1,000 जन्म में से एक या दो मिलते हैं ।

### रमजान महीने का आखिरी जुम्मा की अदा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर मे रमजान के पाक माह के अंतिम जुम्मे पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़े ही अकीदत के साथ अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की और देश एवं राज्य के खुशहाली की कामना की. जमशेदपुर में अलग अलग मस्जिदों में बड़े ही अकीदत के साथ अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई. जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने मुल्क के खुशहाली की कामना की और कहा की जिस तरीके से पिछले जुम्मा में हम लोगों ने होली और जुम्मे की नमाज अदा की इस तरीके से रामनवमी और ईद भाईचारे के साथ मनाएंगे. वही लोगों के चेहरे पर ईद की खुशियां साफ झलक रही थी.

### अखिल भारतीय महिला सम्मेलन ने जोनल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी की

राष्ट्र संवाद संवाददाता

अखिल भारतीय महिला सम्मेलन, जमशेदपुर शाखा ने 28 मार्च 2025 को यूनाइटेड क्लब में जोनल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी की। जमशेदपुर की होस्ट शाखा ने बिहार और झारखंड की विभिन्न एआईडब्ल्यूसी शाखाओं से गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया था। इस अवसर पर बिहार राज्य शाखा, रमणी समिति (वैशाली), तिलहोठू मंडल, सेवा मिथिला (मधुबनी) के प्रतिनिधि उपस्थित थे, जबकि झारखंड से अशोक नगर शाखा, जावा, बरियातू और बुलाहाट शाखाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे ।इस अवसर की शोभा पद्मश्री सम्मान प्राप्त श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में बढ़ाई, जबकि अखिल भारतीय महिला सम्मेलन (मुख्यालय) की अध्यक्ष श्रीमती कल्याणी राज और कोषाध्यक्ष श्रीमती उपासना सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

# राणा सांगा पर गलतबयानी से समाज में विभाजन और नफरत की भावना को बढ़ाना उचित नहीं

**देवानंद सिंह**




उत्तर प्रदेश में जिस राणा सांगा विवाद गमार्या हुआ हैं, उसने पूरे देश की राजनीति में हलचल मचाई हुई है। दरअसल, यह विवाद 21 मार्च को समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा दी गई एक टिप्पणी से शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने राणा सांगा को गद्दार कहा था। इस बयान ने न केवल राजनीतिक हलकों में बवाल मचाया, बल्कि समाज के विभिन्न हिस्सों में भी प्रतिक्रिया को जन्म दिया। विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि करणी सेना के कार्यकर्ता रामजी लाल सुमन के घर के बाहर प्रदर्शन करने पहुंच गए और वहां हिंसा और तोड़फोड़ की घटना भी घटी। इसके बाद राजनीति, इतिहास और सामाजिक संवेदनाओं के जटिल संबंधों को लेकर गहरी चर्चा शुरू हो गई है।

दरअसल, 21 मार्च को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए मुगल सम्राट बाबर को भारत में आमंत्रित किया था। इस बयान में उन्होंने राणा सांगा को गद्दार करार दिया, जो उस समय भारत की स्वतंत्रता और अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए लड़ा करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के मुसलमान बाबर को आदर्श मानते हैं, जबकि हिंदू समुदाय को बाबर के खिलाफ संघर्ष करने वाले राणा सांगा का सम्मान करना चाहिए।

रामजी लाल सुमन का यह बयान समाज के एक बड़े वर्ग को आहत करने वाला था, विशेष रूप से राजपूत समुदाय, जिसे राणा सांगा के रूप में एक वीर योद्धा और स्वतंत्रता सेनानी का सम्मान प्राप्त है। इस टिप्पणी के बाद करणी सेना ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसमें हिंसा भी शामिल थी। करणी सेना के नेता महिपाल मकराना ने इसे एक ट्रेलर करार दिया और चेतावनी दी कि अगर, रामजी लाल सुमन के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो इसका विरोध पूरे देश में होगा।

विवाद पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं इस तरह सामने आईं कि भारतीय जनता पार्टी ने रामजी लाल सुमन के बयान की कड़ी निंदा की। बीजेपी ने कहा, राणा सांगा की तुलना बाबर से करना ऐतिहासिक रूप से गलत है। बीजेपी ने राणा सांगा को भारत के स्वतंत्रता सेनानी के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को गुलामी से बचाने के लिए संघर्ष किया था, और उनकी तुलना बाबर से नहीं की जा सकती।

वहीं, समाजवादी पार्टी के ने रामजी लाल सुमन का बचाव करते हुए कहा कि यह बयान केवल इतिहास का एक और पन्ना पलटने का हिस्सा था। सपा ने बीजेपी पर इतिहास के पन्नों को पलटने का आरोप लगाया और कहा कि यह सब राजनीतिक फायदे के लिए किया जाता है।

हालांकि, राणा सांगा का इतिहास भारत के गौरवशाली अतीत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनका जन्म 1482 में हुआ था, और वह मेवाड़ के राजघराने से थे। राणा सांगा ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण युद्धों में भाग लिया, और उनकी पहचान भारतीय स्वतंत्रता की रक्षा करने वाले योद्धा के रूप में रही। राणा सांगा का सबसे प्रसिद्ध युद्ध खानवा की लड़ाई था, जिसमें उन्होंने बाबर के खिलाफ युद्ध लड़ा था। हालांकि, यह कहना कि राणा सांगा ने बाबर को भारत आमंत्रित किया था, ऐतिहासिक दृष्टि से गलत है।

वास्तव में, राणा सांगा और बाबर दोनों के खिलाफ संघर्ष के संदर्भ में एक जटिल इतिहास है। राणा सांगा और दौलत खान लोदी ने बाबर को भारत आक्रमण के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन उनका मकसद इब्राहिम लोदी को हराना था, न कि भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना। इस संदर्भ में यह कहना कि राणा सांगा ने बाबर को भारत बुलाया, ऐतिहासिक रूप से विवादित और अधूरा है। रामजी लाल सुमन के बयान के बाद समाज में भी गहरी प्रतिक्रिया हुई है। राणा सांगा को लेकर किए गए इस विवादास्पद बयान ने समाज में पुराने संघर्षों को ताजा कर दिया। राणा सांगा को अपना हीरो मानने वाले राजपूत समाज भी इस टिप्पणी से आहत हुआ। इसने न केवल एक ऐतिहासिक विवाद को तूल दिया, बल्कि समाज में विभाजन और नफरत की भावना को भी बढ़ावा दिया।

समाजवादी पार्टी ने इस हिंसक घटना को सरकार पर आरोपित किया और इसे एक रणनीतिक प्रयास करार दिया, जिससे समाज में तनाव और विभाजन बढ़े। वहीं, करणी सेना के कार्यकताओं द्वारा की गई हिंसा को न केवल अस्वीकार्य माना गया, बल्कि यह सवाल भी उठाया गया कि क्या राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास और सामाजिक संवेदनाओं से खेलना उचित है। रामजी लाल सुमन की टिप्पणी के बाद अब कानूनी कार्रवाई का दौर भी शुरू हो गया है। एक वकील ने उनके और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ सिविल मुकदमा दायर किया है। इस मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि सुमन ने राणा सांगा के खिलाफ अपमानजनक बयान देकर समाज में झूठी जानकारी फैलाने का प्रयास किया है।

कुल मिलाकर, राणा सांगा पर दिए गए विवादास्पद बयान ने एक बार फिर से इतिहास और राजनीति के बीच के संबंधों को सामने ला दिया है।

यह विवाद न केवल राजनीतिक लाभ के लिए ऐतिहासिक तथ्यों को बदलने की कोशिशों का प्रतीक है, बल्कि समाज में उथल-पुथल और नफरत फैलाने की भी एक कड़ी है। ऐसे समय में, जब समाज को एकता और समरसता की आवश्यकता है, इस तरह के बयान केवल विभाजन और संघर्ष को बढ़ाते हैं।

यह सब दिखाता है कि राजनीति और इतिहास का इस्तेमाल कभी-कभी व्यक्तिगत या दलगत लाभ के लिए कैसे किया जाता है, और इसका समाज पर दीर्घकालिक प्रभाव क्या हो सकता है।

# भारत के सशक्त स्वास्थ्य मोर्चे का दुनिया ने लोहा माना

**ललित गर्ग**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यस्वस्थ भारत मिशनह्न के तहत देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव ही नहीं, बल्कि आमूल-चूल परिवर्तन आया है। यह बात हम नहीं कह रहे, बल्कि पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार, अनूठी एवं प्रेरक बताया है। एक कार्यक्रम के दौरान विश्व निकाय ने ह्यआयुष्मान भारतह्न जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे ह्यअनुकरणीयह्न बताया। मोदी सरकार के ऐसे कामों एवं उपलब्धियों की आलोचना करने वालों को प्रशंसा भी करनी चाहिए, क्योंकि अच्छे काम के लिए प्रशंसा सरकारों को मूल्यवान महसूस कराती हैं और उन्हें अपने काम के प्रति अधिक वफादार एवं जिम्मेदार बनाती हैं। अनेक शोध के अनुसार, जो देश एवं प्रांत अपनी सरकारों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देते हैं, उनकी उत्पादकता और प्रदर्शन में अधिक वृद्धि देखी जाती है और दुनिया इसकी प्रशंसा करती है। प्रशंसा और आभार व्यक्त करने से समुदाय की भावना, जिम्मेदारी और राष्ट्र के लिये कुछ अधिक सशक्त करने का एक कारण मिलता है। ऐसे कारणों से नया भारत, विकसित भारत एवं सशक्त भारत का निर्माण होता है।

मोदी सरकार अनेक क्षेत्रों में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश से न केवल गरीबी का कलंक मिटाया है बल्कि अनेक समस्याओं से मुक्ति भी दिलायी है। स्वास्थ्य मोर्चे पर भारत की उपलब्धियों आश्चर्यकारी रही है, कोरोना-काल में भारत ने दुनिया को स्वास्थ्य-सहायता पहुंचायी है। वर्ष 2000 के बाद भारत में नौनिहालों का जीवन बचाने की सार्थक एवं प्रभावी मुहिम छेड़ी है, जो एक बड़ी छलांग एवं उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के इस आकलन से मोदी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट में उन योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जिनके चलते शिशुओं की मृत्युदर कम करने में सफलता मिली है। इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है। इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक निवेश के माध्यम लाखों लोगों के जीवन को बचाने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता को देखकर ही हाल में 70 वर्ष की आयु के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया गया है। इसने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से शिशु मृत्यु दर में ही नहीं, बल्कि अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्युदर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना व बुरुंडी का उदाहरण दिया गया। वर्ष 2000 से भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में 70 व नवजात शिशुओं की मृत्युदर में 61 प्रतिशत की कमी हासिल की है। स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने, सशक्त स्वास्थ्य नीतियों एवं योजनाओं से मौजूदा स्थिति को सुधारने के लिए किए गए उपायों के कारण ऐसा संभव हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर गर्भवती महिला मुफ्त प्रसव की हकदार है और शिशु देखभाल संस्थानों में मुफ्त परिवहन, दवाएं, निदान और आहार इसमें सहायता प्रदान करती है। भारत ने प्रसूति प्रतीक्षा गृहों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग, बीमार नवजात की देखभाल, मातृ देखभाल और जन्म दोष जांच के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। भारत ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए दाइयों व कुशल प्रसव सहायकों के प्रशिक्षण और तैनाती को भी प्राथमिकता दी है। दुनिया भर में लगभग एक अरब बच्चे पहले से ही उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं और बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत 26वें स्थान पर है। रिपोर्ट में पूवार्नुमान व्यक्त किया गया है कि जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा पर तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। लेकिन भारत इन स्थितियों में स्वास्थ्य चुनौतियों को कम करने के लिये सशक्त योजनाओं एवं सोच के साथ तत्पर है।

मोदी सरकार की प्रभावी स्वास्थ्य योजनाओं के बावजूद अब भी स्वास्थ्य के मोर्चे पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बड़ी हकीकत यह भी है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। छोटे शहरों और गांवों में न केवल डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है, बल्कि अस्पतालों और मेडिकल उपकरणों की भी। इसके चलते इन क्षेत्रों के लोग शहरों के बड़े अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते हैं, जहां निजी क्षेत्र के अस्पतालों के मुकाबले सरकारी अस्पताल बहुत पीछे नजर आते हैं। यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लेकिन सरकार के सामने बड़ी समस्या है कि इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। सरकारी अस्पतालों को सशक्त एवं सर्वसुविधायुक्त किया गया है लेकिन समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है। यदि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को निजी अस्पताल में उपचार कराना पड़ता है तो वह कर्जे में डूब जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि अपने यहां स्वास्थ्य बीमा का उतना चलन नहीं, जितना आवश्यक है। सरकारें इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकतीं कि अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा महंगा होता जाता है और इसके बाद भी उसमें अच्छा-खासा जीएसटी लगता है। सरकार को अधिक प्रभावी स्वास्थ्य परिणामों के लिये स्वास्थ्य सेवाओं एवं दवाओं को जीएसटी से मुक्त करना चाहिए।

बच्चों की बढ़ती आबादी के साथ नित नई चुनौतियाँ भी बढ़ेंगी। इसलिए इन चुनौतियों से निपटने के लिए बच्चों और युवाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास में अधिक निवेश करना बहुत जरूरी है। जलवायु परिवर्तन से जुड़े खतरों से बहुत अधिक गर्मी, बाढ़, जंगल में आग और चक्रवात जैसी घटनाओं में आठ गुना वृद्धि होने का अनुमान है और इनका सीधा असर बच्चों पर पड़ेगा। निश्चित ही मोदी सरकार इन चुनौतियों से लड़ने में सक्षम है। एक अच्छा लीडर किसी चीज का ब्लेम थोड़ा ज्यादा लेता है और क्रेडिट लेने के मामले में पीछे रहता है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। इतिहास अक्सर किसी आदमी से ऐसा काम करवा देता है, जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक कोई आदमी बनता है तब भले ही उसकी प्रशंसा क्यों न हो, उसका कद स्वतः बढ़ जाता है। मोदी ने इस युग को वह दिया जिसकी उसे जरूरत है, वह नहीं जिसकी कि वह प्रशंसा करे।

जीवन को परिभाषित करने तक ही प्रधानमंत्री मोदी उपदेश नहीं देते, अपितु उन्होंने भारत के जीवन को बदलने एवं जीवनस्तर को ऊंचा उठाने के कार्यक्रम दिये हैं जिनमें बूढ़े, बच्चे, महिलाएं, युवा सब होते हैं, वे उनसे सीधा सम्पर्क करते हैं एवं उन्हें दिशाबोध देते हैं। अब संयुक्त राष्ट्र ने मोदी के कार्यों एवं योजनाओं को अनुकरणीय एवं अनूठा माना है तो इससे देश का सीना तना है, गर्व से ऊंचा हुआ है। आपने ह्रसालह्न का वृक्ष देखा होगा- काफी ऊंचा! ह्नशीलह्न का वृक्ष भी देखें- जो जितना ऊंचा है उससे ज्यादा गहरा है। आखिर इस गहराई को मापने वाले संयुक्त राष्ट्र का आभार। जो भी कोई मूल्य स्थापित करता है, जो भी कोई पात्रता पैदा करता है, जो भी कोई सृजन करता है, जो देश का गौरव बढ़ाता है, जो देश की ज्वलंत समस्याओं एवं त्रासदियों से मुक्ति दिलाता है, जो गीतों में गाया जाता है, उसे सलाम। मोदी के मजबूत इरादों एवं मनोबल को सलाम।

# क्या सचमुच सिमट रही है दामन की प्रतिष्ठा?

**प्रियंका सौरभ**



**समय के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले ₹दामन₹ केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मयार्दा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। पारंपरिक वस्त्रों-साड़ी, घाघरा, अनारकली-को महिलाओं की गरिमा से जोड़ा जाता था। ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ अब भी बनी हुई है, परंतु उसकी परिभाषा बदल चुकी है। परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। क्या छोटे वस्त्र संस्कारों का ह्रास हैं, या फिर मानसिकता का परिष्करण? क्या स्त्री का सम्मान उसके पहनावे से तय होना चाहिए, या फिर उसकी बुद्धिमत्ता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता अधिक महत्वपूर्ण हैं?**

समय की करवटों ने जब फैशन के रेशों को बुना, तब परिधान भी परिवर्तनों की सीढ़ियाँ चढ़ते चले गए। परंतु क्या इस बदलाव ने ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ को भी प्रभावित किया है? क्या आधुनिक वस्त्रों ने पारंपरिक गरिमा को बिसरा दिया, या फिर समाज की दृष्टि अब और व्यापक हो चली है? समय के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले ₹दामन₹ केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मयार्दा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। क्या हम ये कह सकते है कि जैसे-जैसे दामन छोटा हुआ वैसे-वैसे मयार्दा और संस्कृति भी घटती गई।

### पारंपरिक दामनः गरिमा का प्रतीक

₹दामन₹ केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, यह मयार्दा का आँचल, संस्कृति की पहचान और शालीनता की परिधि रहा है। भारतीय नारी के परिधान-साड़ी, घाघरा, अनारकली और दुपट्टा-न केवल उसके सौंदर्य को सँवारते थे, बल्कि उसकी गरिमा और मयार्दा का भी पर्याय बने। पहले ₹52 गज के दामन₹ का अर्थ भव्यता, शालीनता और गौरव से लिया जाता था। ₹दामन संभालना₹ मात्र वस्त्रों का सहेजना नहीं, बल्कि अपनी प्रतिष्ठा और चारित्रिक दृढ़ता को बचाए रखना भी था। समाज ने मयार्दा को बाह्य आवरण में समेट दिया, जिससे व्यक्तित्व का आकलन केवल परिधानों से होने लगा।

### बदलते परिधान, बदलती परिभाषाएँ

समय अपनी गति से प्रवाहमान रहा, और उसके साथ समाज की सोच भी विस्तारित होती चली गई। अब वह समय नहीं, जब गरिमा की परिभाषा केवल कपड़ों की सिलवटों में समेट दी जाती थी। आज महिलाएँ अपने आत्मविश्वास की उड़ान को चुन रही हैं-जींस, टॉप, स्कर्ट, फॉर्मल सूट और इंडो-वेस्टर्न परिधानों के साथ। परिधान अब मात्र देह को ढकने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और विचारों की अभिव्यक्ति का स्वरूप बन गए हैं। परंपरा और आधुनिकता के ताने-बाने से एक नया फ्यूजन जन्म ले चुका है, जो संस्कृति और स्वतंत्रता के बीच संतुलन स्थापित करता है। गरिमा अब वस्त्रों की परिधि में सीमित नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और व्यवहार में प्रतिबिंबित होती है।

### क्या आधुनिकता ने दामन की प्रतिष्ठा को धूमिल किया?

यह एक जटिल प्रश्न है, जिसकी गूँज समय और समाज दोनों में सुनी जा सकती है। क्या वस्त्रों का लघु होना संस्कारों का ह्रास है, या फिर मानसिकता का परिष्करण? क्या किसी स्त्री का सम्मान उसके पहनावे तक सीमित रहना चाहिए? क्या उसकी बुद्धिमत्ता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता उससे अधिक मूल्यवान नहीं? क्या परिधान की लंबाई उसके विचारों की ऊँचाई से अधिक महत्त्व रखती है? कुछ का मत है कि आधुनिकता ने संस्कृति को धूमिल किया, परंतु अन्य इसे आत्म-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में देखते हैं। वास्तविकता यह है कि गरिमा बाह्य आवरण में नहीं, बल्कि आचरण और आत्मसम्मान में होती है।

### समाज का नजरिया और स्त्रियों की स्वतंत्रता

अब भी कई स्थानों पर परिधानों को लेकर परंपरा की बेड़ियाँ जकड़ी हुई हैं। ह्यऐसे वस्त्र मत पहनो, लोग क्या कहेंगे?ह्न जैसे शब्द आज भी अनगिनत घरों की दीवारों से टकराते हैं। ₹कपड़ों से संस्कार झलकते हैं!₹ ₹लड़की हो, थोड़ा सभ्य कपड़े पहनो!₹ ₹ऐसे खुले विचार नहीं, यह हमारी संस्कृति नहीं!₹ परंतु क्या परिधान ही संस्कारों की कसौटी है? समाज को इस सोच से आगे बढ़ना होगा कि स्त्रियों की मयार्दा वस्त्रों से नहीं, उनके विचारों से आँकी जानी चाहिए। समय के प्रवाह में समाज ने अनेक रूप बदले हैं, परंतु स्त्रियों की स्वतंत्रता को लेकर उसकी सोच अब भी दो ध्रुवों में बँटी हुई प्रतीत होती है। एक ओर आधुनिकता की लहर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बना रही है, तो दूसरी ओर परंपरा की जड़ें अब भी उनकी उड़ान में अवरोध उत्पन्न करती हैं। सवाल यह उठता है-क्या स्त्री सचमुच स्वतंत्र हुई है, या यह केवल एक भ्रम है?

### संस्कृति और स्वतंत्रताः संतुलन आवश्यक है

₹दामन की प्रतिष्ठा₹ अब भी बनी हुई है, बस उसकी परिभाषा ने एक नया रूप धारण कर लिया है। परंपरा हमारी जड़ों से जुड़ी होती है, लेकिन जड़ों को मजबूती देने के लिए शाखाओं का फैलना भी जरूरी है। संस्कृति को आधुनिकता के साथ संतुलित करना आवश्यक है। महिलाओं को अपनी इच्छा से परिधान चुनने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। असली गरिमा पहनावे में नहीं, बल्कि विचारों, कर्मों और आत्म-सम्मान में बसती है। समय की सुइयाँ कभी पीछे नहीं दौड़तीं। परिधान बदल सकते हैं, परंतु सम्मान और गरिमा की वास्तविक पहचान व्यक्ति के आचरण और आत्मसम्मान में होती है। ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ आज भी जीवंत है, बस उसका अस्तित्व अब कपड़ों की सिलवटों में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और स्वतंत्रता के विस्तृत आकाश में देखा जाता है। कई बार जब ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ पर चर्चा होती है, तो असल में यह संस्कृति और स्वतंत्रता के बीच संतुलन का मामला होता है। परंपराएँ समाज की जड़ों से जुड़ी होती हैं, लेकिन उनका बदलते समय के साथ ढलना भी जरूरी है। महिलाओं को यह अधिकार होना चाहिए कि वे जो पहनना चाहें, पहन सकें, बिना किसी सामाजिक दबाव के। गरिमा और मयार्दा पहनावे से ज्यादा व्यक्ति के व्यवहार, सोच और कृत्यों में झलकती है। संस्कृति और आधुनिकता में संतुलन बनाए रखना सबसे अच्छा समाधान है। फैशन और पहनावा बदल सकते हैं, लेकिन सम्मान और गरिमा व्यक्ति की सोच और कर्मों से आती है। ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ आज भी बनी हुई है, बस उसकी परिभाषा बदल गई है झ यह अब सिर्फ कपड़ों में नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और आत्म-सम्मान में दिखती है।

# डा सुधा नन्द झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** इच्छित कार्य सफल होंगे। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्कः** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा



दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# आग लगने से सादरी बोदरा हो गई दिव्यांग, बच्ची की इलाज कराने में आगे आया सुमिता होता फाउंडेशन, कटक में होगा बच्ची का इलाज

**राष्ट्र संवाद संवाददाता रामगोपाल जेना**

चक्रधरपुर बंदगांव प्रखंड के ओटार पंचायत अंतर्गत खैराडीह गांव निवास रांदो बोदरा की 12 वर्षीय पुत्री सादरी बोदरा पिछले 8 वर्ष पहले जल गई थी. जल जाने के कारण सादरी बोदरा का एक हाथ और एक पैर पूरी तरह से सट गया था. लेकिन उसे समय बच्ची की उम्र कम होने के कारण उसका इलाज नहीं हो सका. जिससे बच्ची पूरी तरह दिव्यांग का शिकार हो गई. इसी कड़ी में पूर्व उप मुखिया राम प्रकाश बोदरा ने बच्ची की इलाज को लेकर सुमिता होता फाउंडेशन के अध्यक्ष सह समाजसेवी सदानंद होता से संपर्क किया और पीड़िता बच्ची के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. जानकारी मिलते ही शुक्रवार की सुबह समाजसेवी सदानंद होता खैराडीह गांव पहुंचे और बच्ची जहां पड़ती है उसके स्कूल जाकर बातचीत की. इस दौरान पता चला



कि आज की चपेट में आने से 8 साल पहले बच्ची का शरीर जल गया था. जिससे वह दिव्यांग हो गई है. बैसाखी के सहारे स्कूल आना-जाना, स्कूल में पढ़ाई करना है और दिनचर्या की सभी कार्य करती है. जिससे यह सभी कार्य करने में उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. बच्ची से बातचीत करने के पश्चात समाजसेवी सदानंद होता ने कहा कि 8 साल पहले जब बच्ची आगजनी का शिकार हुई थी, तभी बच्ची का कोलकाता में इलाज कराया गया था. लेकिन उसे समय बच्ची के शरीर में मांस नहीं था. जिसके कारण पूरी तरह बच्ची का इलाज नहीं हो सके. डॉक्टर ने कहा था की बच्ची बड़ी होने पर उसके शरीर से मांस लेकर ऑपरेशन किया जाएगा. श्री होता ने कहा कि दिव्यांग बच्ची की बेहतर इलाज को लेकर कटक मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया जाएगा.

जहां पर बच्ची का इलाज बेहतर ढंग से होगा. इलाज के बाद बच्ची सामान्य रूप से कुछ हद तक चल फिर सकेगी. उसे बैसाखी की जरूरत नहीं पड़ेगा. बच्ची की इलाज को लेकर कटक मेडिकल कॉलेज में वार्ता हो चुकी है जल्द ही बच्ची को लेकर कटक में भर्ती किया जाएगा. इस मौके पर स्कूल के शिक्षिका एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

## यूसिल की महिला सशक्तिकरण का प्रयास लाया रंग,अगरबती प्रशिक्षण से 20 आदिवासी महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जादूगोड़ा** :यूसिल की तुरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबन्धन कंपनी के आस् पास के गांव की ग्रामीण आदिवासी महिलाओं को अगरबती प्रशिक्षण के जरिए आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है।इधर हो महिला संघर्ष समिति के बैनर तले 20 महिलाओं के बीच बीते एक सप्ताह से चल रही अगरबती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन ही गया। इस मौके पर तूरामडीह व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र में समारोह आयोजित की गई जहां प्रशिक्षित महिलाओं को डॉक्टर बबीता साव ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में डॉक्टर बबीता साव से कहा अगरबती प्रशिक्षण के के



पश्चात महिलाएं कम लागत में बेहतर कमाई कर सकेंगी। जरूरत है फेसबुक व सोशल मीडिया में प्रचार् प्रसार की। समिति की अध्यक्ष गुड़िया सवैया ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद महिलाएं भी अपनी मेहनत से पैसे कमा सकेगी व अपने उत्पाद की यूसिल मार्केट कॉम्प्लेक्स या आस् पास के गांव में बेच कर अच्छी कमाई कर पाएगी व इस पैसो से अपने बच्चों की पढ़ाई मदद कर पाएगी

इस प्रशिक्षण में गुड़रुडीह, केरुआ , तूरामडीह , धोडागा,, नीलडुगड़ी, ना,ब्यागबिल की महिलाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यकम को सफल बनाने में यूसिल के अपर प्रबंधक गिरीश गुप्ता, मगदो दिग्गी व हो संघर्ष समिति के अध्यक्ष गुड़िया सवैया, सचिव शांति हो,कोषाध्यक्ष लता देवी अहम योगदान दिया।

## जादूगोड़ा मुक्ति धाम में मां काली की प्रथम रूप की हुई पूजा, क्षेत्र की सुख् समृद्धि की कामना, मन्दिर में उमड़ी भारी भीड़

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जादूगोड़ा** : जादूगोड़ा मुक्ति धाम में देर रात्रि मां काली की प्रथम रूप की पूजा की गई व क्षेत्र के सुख् समृद्धि की कामना की गई। इस मौके पर भारी संख्या में भक्तों की भीड़ मंदिर में उमड़ी। यहां बताते चले कि क्षेत्र की सामाजिक व धार्मिक संस्था मां तारा काली मंदिर कमिटी के अध्यक्ष टिक्की मुखी द्वारा हर साल जादूगोड़ा मुक्ति धाम में स्थित मां तारा काली मंदिर में चैत अमावस्या के मौके पर मां काली की पूजा धूम् धाम से की जाती हैं। इस बाबत कमिटी के अध्यक्ष टिक्की ने कहा कि पहले बगुला मुखी का हवन, घट स्थापना , 108 हवन का दीया जलाया गया ताकि मां काली की



प्रसन्न किया जा सके। इस बीच भक्तों के बीच महाभोग का प्रसाद ग्रहण किया गया।। यहां बताते चले कि बीते 15 सालो से जादूगोड़ा मुक्ति धाम में मां तारा काली पूजा होते आ रही है, जिसमें यूसिल प्रबंधन की भी अहम भूमिका सहयोग के तौर पर रहती है।

**कमिटी पर एक नजर**

जादूगोड़ा : इस कमिटी में अध्यक्ष टिक्की मुखी, लोलिन मुखी,अशोक सिंह, राजेश शर्मा, अमित सिंह, अनिल सिंह, मृणाल महतो,शंकर भक्त को शामिल की गई हैं।

**मां तारा की पूजा की जिम्मेदारी**

जादूगोड़ा : मां तारा की पूजा की जिम्मेदारी जादूगोड़ा के मुख्य पुजारी शक्ति मजूमदार,गीनू राम सोरेन, गांधी कर्मकार( तांत्रिक पुजारी) को सौंपी गई है।

# 'काव्य निर्झर द्वारा सोनारी में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित'

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साहित्यिक मंच ₹काव्य निर्झर₹ के तत्वावधान में गत २७ मार्च को सोनारी स्थित आर्किड रेसीडेंसी के सभागार में काव्य संध्या का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर के ख्यातिब्ध कवि मामचंद्र अग्रवाल उर्फ वसंत जमशेदपुरी ने की । जबकि मुख्य अतिथि के रुप में तुलसी भवन के मानद महासचिव डॉङ्ग प्रसेनजित तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि द्वय प्रसिद्ध रंगकर्मी अनिता सिंह एवं साहित्य समिति, तुलसी भवन के सचिव डॉङ्ग अजय ओझा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का आरंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। तत्पश्चात पुष्प गुच्छ एवं शॉल प्रदान कर अतिथियों का सम्मान किया गया। स्वागत वक्तव्य कार्यक्रम की संयोजिका माधवी उपाध्याय ने दिया । दो सत्रों में विभाजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉङ्ग प्रसेनजित तिवारी ने 'काव्य निर्झर' को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि हमें अपने भारतीय मूल्यों का संरक्षण एवं संवर्धन करना अत्यावश्यक है। अपनी संस्कृति की आत्मसात करना सर्वोपरि




कर्तव्य है। विशिष्ट अतिथि अनिता सिंह ने भी 'काव्य निर्झर' को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्था और आगे बढ़े। डॉङ्ग अजय ओझा ने इस संस्था के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन दिव्येंदु त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम के काव्य सत्र में उपस्थित कवि - कवयित्रियों को अंग वस्त्र प्रदान कर मंचासीन किया गया । तत्पश्चात काव्य पाठ का आरंभ राजेंद्र साह 'राज' के सुमधुर सरस्वती वंदना से हुई । इसके बाद काव्य पाठ का दौर आरंभ हुआ। सर्वप्रथम रीना सिन्हा ने अपने भावपूर्ण गजल से श्रोताओं का दिल जीत लिया, सुष्मिता मिश्रा 'सलिलात्मजा' के हास्यपूर्ण रचना सुन तालियों की गड़गड़ाहट से पुरा सभागार गुंज उठा , इसी प्रकार डॉ० लता मानकर 'प्रियदर्शिनी' ने भी अपनी सुमधुर स्वर में गीत गाकर श्रोताओं के मन में रस घोल दिया। अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाने वाली एक सशक्त कवयित्री अंकिता सिन्हा की जोरदार प्रस्तुति ने कार्यक्रम को एक नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया।

कार्यक्रम के संचालक दिव्येंदु त्रिपाठी के भावपूर्ण गीत की प्रस्तुति ने सबके अन्तःकरण को रसिक्त कर दिया । कार्यक्रम में मुख्य रुप से कविवर सुरेश दत्त पाण्डेय प्रणय, किरण त्रिपाठी, श्रुति कीर्ति त्रिपाठी, प्रत्यूष उपाध्याय, सुनील उपाध्याय, मधु सिंह, प्रवीण चौहान,अर्चना सिंह, सुषमा मिश्रा, रूबी मिश्रा , विभा सिंह,आभा टुन्नी, मीरा तिवारी, कामिनी जायसवाल, बी.एम. तिवारी, माला सिंह सहित कई अन्य लोगों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## बालक मध्य विद्यालय सरायकेला में विदाई समारोह का आयोजन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**सरायकेला :** बालक मध्य विद्यालय, सरायकेला के प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा आठवीं के 47 छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और शिक्षकों ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों ने मिठाई खिलाकर कक्षा 8 के विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्रधानाध्यापिका ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है और आगे चलकर सभी अपने-अपने क्षेत्रों में सफल होंगे लेकिन विद्यालय के लिए वे हमेशा विद्यार्थी ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय के दरवाजे हमेशा विद्यार्थियों के लिए खुले रहेंगे। शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और उन्हें मेहनत व अनुशासन से आगे बढ़ने की सीख दी।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं कंचन सिन्हा, धीरज कुमार सिंह, रीना मिस, अनिल मिश्रा, मौसमी मिस और डोली दास उपस्थित रहे।

## 8 महीने से एनएच-33 पर वन-वे पुल के कारण 66 दुर्घटनाओं में 100 की मौत, प्रशासन उदासीन, ग्रामीणों में आक्रोश

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**चांडिल :** एनएच-33 पर चिलगु के पास एक पुल के वन-वे किए जाने के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। समाजसेवी शेखर गांगुली के अनुसार पिछले आठ महीनों में इस मार्ग पर 66 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

**प्रशासन और एनएचएआई की लापरवाही**



स्थानीय लोगों ने जब इस समस्या को लेकर प्रशासन से शिकायत की तो अधिकारियों ने इसे एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) का मामला बताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। वहीं टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने इसे सड़क निर्माण कंपनी की जिम्मेदारी बताया। ऐसे में स्थानीय लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि वे अपनी शिकायत लेकर आखिर जाएं तो कहां जाएं।शुक्रवार को एक मजदूर को बचाने के प्रयास में एक हाइवा ट्रक पलट गया। इस दौरान पीछे से आ रही क्रेटा कार ट्रक से टकरा गई जिससे कार में सवार सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए और मजदूर के दोनों पैर टूट गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत सभी घायलों को जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया

## सदर अस्पताल सरायकेला में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**सरायकेला :** सदर अस्पताल सरायकेला में सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता एवं उपाधीक्षक डॉ. नकुल प्रसाद चौधरी की देखरेख में जिला स्तरीय मासिक दिव्यांगता जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 59 दिव्यांगजनों की जांच की गई।ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. अजीत टुडू द्वारा 37 मरीजों की जांच की गई, थैलेसीमिया विशेषज्ञ डॉ. बरियर मार्डी ने 1 मरीज की जांच की, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीएम बड़ा ने 14 मरीजों की जांच की, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कुमार ने 1 मरीज की जांच की तथा मेंटल स्पेशलिस्ट डॉ. महेश हेंब्रम के द्वारा 6 मरीजों की जांच की गई। इस शिविर का संचालन सहायक मेवालाल होनहागा द्वारा किया गया। इस दौरान सदर अस्पताल प्रबंधक संजीत राय सहित अन्य चिकित्सा कर्मी भी मौजूद रहे।

## एनआईटी जमशेदपुर में टेक्निका-2025 का भव्य उद्घाटन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**उद्योग विशेषज्ञों ने साझा किए अपने विचार, तकनीकी प्रतियोगिताओं और कार्यशालाओं का आयोजन**

**आदित्यपुर** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर के धातुकर्म एवं पदार्थ अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित वार्षिक तकनीकी उत्सव टेक्निका-



2025 का भव्य उद्घाटन किया गया। यह आयोजन सोसाइटी ऑफ मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स (एसएमईएस) के तत्वावधान में किया गया, जिसका उद्देश्य धातुकर्म और पदार्थ विज्ञान में नवाचार एवं ज्ञान-साझाकरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार ने की जिसमें उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्रों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में टाटा स्टील के लॉन्ग प्रोडक्ट डिवीजन के चीफ क्वालिटी एश्योरेंस ऑफिसर डॉ. टी. भास्कर मुख्य अतिथि थे

## पुरियारा गांव में श्री श्री राधा गोविंद अखंड जुगल नाम यज्ञ का भव्य समापन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**नीमडीह :** प्रखंड के पुरियारा गांव में आयोजित 16 प्रहर श्री श्री राधा गोविंद अखंड जुगल नाम यज्ञ का भव्य समापन हुआ। महंत विदाई एवं श्री श्री गौरांग महाप्रभु हरि नाम प्रेम प्रसाद वितरण के साथ रंग-गुलाल के धुलट में पूरा गांव भक्तिमय हो उठा। समापन समारोह में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने हरि नाम संकीर्तन करते हुए पूरे गांव में भक्ति यात्रा निकाली जिससे वातावरण आध्यात्मिक उल्लास से भर गया। समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं को पूरी, बुंदिया और खीर का महाप्रसाद वितरित किया गया।

## डुमरा गांव में बीच सड़क पर बालू से पलटी ऑटो, चालक समेत पांच घायल

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**सड़क पर बालू डालने से बढ़ रहा खतरा**

**सरायकेला-खरसावां :** गम्हरिया प्रखंड के डुमरा गांव में बीच सड़क पर बालू जमा होने के कारण सवारियों से भरी ऑटो पलट गई जिससे ऑटो चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। घटना डुमरा से कांड्रा बाजार जाने के दौरान हुई। ऑटो चालक ने बताया कि दोपहर में जब वह स्कूली बच्चों को लेकर आया था तब सड़क पर बालू नहीं था लेकिन शाम होते ही अचानक सड़क के बीचोबीच बालू का ढेर जमा था जो अंधेरे में नजर नहीं आया। इसी कारण ऑटो का पहिया फिसल गया और वह सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। इस दुर्घटना में रजनी प्रामाणिक, अनीता प्रामाणिक, सुनीता प्रामाणिक और सूदन प्रामाणिक घायल हो गए। इनमें अनीता और सुनीता प्रामाणिक को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से आदित्यपुर के आरआईटी मोड़ स्थित गंगोत्री हेल्थ केयर में भर्ती कराया गया

## ईचागढ़ के आगसिया गांव में धूमधाम से मनाया गया सरहुल महोत्सव

**झारखंड प्रहरी संवाददाता**

**ईचागढ़ :** जोहार जाहेर सारना पूजा महली समिति द्वारा आगसिया गांव में शुक्रवार को भव्य सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख गुरु पद मार्डी, पंचायत समिति सदस्य सरला देवी, अध्यक्ष परेश महली, सचिव गुरु चरण महली और संयोजक उमापद पहली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विधायक सविता महतो ने भी शिरकत की और पूजा समिति का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सरहुल पूजा में माथा टेककर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महोत्सव के दौरान नाया सम्बद महली, सोहराई महली, जेठु और बलराम महली ने आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार बोंगा बुरू और ग्राम देवता की पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-शांति की प्रार्थना की। रांची जिला के तमाड़ थाना क्षेत्र के बंगाल के पुरुलिया जिले के निपेन सहित और हेम सिंह महतो के दलों द्वारा छऊ नृत्य का आयोजन किया गया।

## सार-संक्षेप

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोवाली में परीक्षा परिणाम घोषित

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**पोटका।** पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोवाली में शुक्रवार को विद्यालय स्तर पर 300 भैया बहनों के बीच परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए वर्गवार उच्चतम अंक अर्जित करने वाले तीन -तीन भैया बहनों को सम्मानित किया गया। साथ ही साथ अधिकतम उपस्थिति दर्ज कराने वाले व सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले एक-एक भैया बहन को भी सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव पिंटू गुप्ता उर्फ दिनेश कुमार गुप्ता ने भैया बहनों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा परीक्षा और अंक भैया बहनों के लिए जीवन का आधार नहीं हो सकता। एकाग्रता और निरंतर प्रयास से ही जीवन संवरता है। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक आशुतोष मंडल, अध्यक्ष जयहरी सिंह मुंडा, सहसचिव उज्जवल कुमार मंडल, सदस्य रंजीत सरदार, पी भगत , पूर्व मुखिया शरद सिंहदेव, विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी के अलावे अभिभावक गण मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन शिशु मंदिर के प्रधानाचार्या श्रीमती सविता महतो ने किया।

### पावरु तितलीग पहाड़ का ग्राम सभा फर्जी

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**पोटका।** प्रखंड के जुड़ी पंचायत के ग्रामीणों ने शुक्रवार को मनोनीत ग्राम प्रधान लक्ष्मी कांत भूमिज के नेतृत्व में सीओ निकीता बाला से मिला एवं हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मां तारा कंस्ट्रक्शन के द्वारा पावरु तितलिंग पहाड़ में फर्जी ग्रामसभा का अवैध लीज है। कंपनी द्वारा आदिवासी भूमिज समाज के समान घाट( पवित्र स्थल) से छेड़छाड़ किया गया है। इस पवित्र स्थल में जबरन जेसीबी मशीन से खुदाई कर रास्ता बनाने का कार्य किया जा रहा है। पूर्व में भी इस पर खनन का रोक लगाया गया है।इस पवित्र स्थल के संरक्षण की आवश्यकता है, अतः आरोपी कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई किया जाए। ज्ञापन में राजेश सरदार, कल्पना सरदार,सहागी सरदार,अमला सरदार,श्रीमती भूमिज, अहिल्या भूमिज आलोमनी भूमिज सहित अन्य का हस्ताक्षर दर्ज है।

### टीएम इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स कंपनी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**गम्हरिया** ।टीएम इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स कंपनी की ओर से गम्हरिया के टीजीएस कॉलोनी स्थित ईडीआईसी बिल्डिंग में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उदघाटन अतिथि के रूप में उपस्थित टीजीएस के अधिकारी अरुण कुमार तथा टीएम इंटरनेशनल के मोहम्मद फारूक ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए अधिक से अधिक कर्मचारियों को इसमे भाग लेने की अपील किया। इस शिविर में काफी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर में एक सौ से अधिक यूनिट रक्त संग्रह किया गया। बताया गया है कि कंपनी द्वारा समय समय पर ऐसे शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमे संग्रहित रक्त को कर्मचारियों, मजदूर समेत अन्य जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराया जाता है।

### पेंशन राशि बढ़ाने और नियमित पेंशन के लिए गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गम्हरिया** ।विभिन्न प्रकार के पेंशन के लाभुकों द्वारा पेंशन राशि बढ़ाने और नियमित पेंशन भुगतान करने की मांग को लेकर शुक्रवार को गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व आदित्यपुर नगर निगम के निवर्तमान पार्षद नील पद्मा विश्वास व जुली महतो के नेतृत्व में लाभुकों ने सीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंप कर उन्हें अपनी मांगों से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया है कि कई लाभुक ऐसे है, जिनका परिवार पेंशन राशि के भरोसे ही चलता है। उन परिवारों को नियमित पेंशन भुगतान नहीं होने से उनके बीच आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है। वहीं महंगाई के समय में भी लाभुकों को मात्र एक हजार रुपए पेंशन राशि भुगतान किया जा रहा है जो वर्तमान परिस्थिति के लिए काफी कम है। उन्होंने वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन राशि को भी बढ़ाकर 2500/- रुपए करने की मांग की है।

### चक्रधरपुर बनेगा जिला कराइकेला और टोकलो को मिलेगा अलग प्रखंड का दर्जा :सुखराम



**राष्ट्र संवाद संवाददाता रामगोपाल जेना**

**चक्रधरपुर**चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने बंदगांव प्रखंड के कराई केला क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा इस बार चक्रधरपुर बनेगा जिला कराइकेला और टोकलो को मिलेगा अलग प्रखंड का दर्जा इस दिशा में सरकार कर रही है काम.

विधायक सुखराम उरांव की माने तो चक्रधरपुर को जिला बनाने के लिए सभी अहताएं पुरी हो रही है साथ ही कराइकेला और टोकलो को भी अलग प्रखंड दर्जा मिले इसके लिए भी प्रयास चल रहा है उन्होंने कहा कि टोकलो और कराइकेला को अलग प्रखंड दर्जा मिलने से एक बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलेगा

क्षेत्र में के विकास योजनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि जो भी शिलान्यास और उद्घाटन हो रहा है यह तो झांकी है बहुत कुछ बाकी हैकोई गांव नहीं छूटेगा सभी गांव में सड़के बनेगी और जहां बिजली नहीं पहुंची है उन गांव टोला में बिजली पहुंचेगी

### झामुमो नेता गणेश माहली ने जिला प्रशासन से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग की

**सरायकेला :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता गणेश माहली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सरायकेला जिला उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की और उनके समाधान की मांग की।

बुनियादी सुविधाओं की कमी : ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याओं पर चर्चा।

# युवा संसद में बोले मुख्यमंत्री योगी- काम से मुंह चुराना आपके पराभव का बनता है कारण जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समय का प्रबंधन जरूरी

**लखनऊ,एजेंसी।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद उत्तर प्रदेश विधानसभा मंडप में शुक्रवार को शुरू हुआ। इसमें प्रदेश से 240 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इन्हीं युवाओं की आवाज से अगले दो दिनों तक विधानसभा गूंजेगी। युवा संसद के दौरान अच्छा भाषण, विषय रखने और विषय की स्पष्टता के मानक पर खरा उतरने वाले तीन युवाओं का चयन होगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित यही तीन युवा भारत की संसद में उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। युवा संसद के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम शुरू हुआ है। दो वर्षों से इसकी प्रक्रिया चल रही थी। आज उत्तर प्रदेश के 240 युवा इस चर्चा का हिस्सा बनने यहां आये हैं। आपको गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। लोकतंत्र में तीन पिलर- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका हैं। विधानसभा में जो सदस्य



आते हैं, वे नियम के अंतर्गत ही कुछ कह सकते हैं। उसके लिए समय भी निर्धारित है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र के इन स्तंभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हम कोई कानून बनाते हैं तो भारत का संविधान हमारे सामने होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह तीनों स्तंभ एक दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं हैं। जब तीनों मिलकर कार्य करते हैं तो सुशासन का लक्ष्य प्राप्त होता है। ऐसा नहीं है कि आज से आप सब सोचने लगें कि सबको नेता ही बनना है। ऐसे ही जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अनंत संभावनाएं होती हैं। अन्य क्षेत्रों में आप जाकर कार्य कर सकते हैं। आप में नेतृत्व की क्षमता होनी चाहिए। जब लकीर का फकीर बनते हैं, काम से मुंह चुराते हैं तो आपके पराभव का कारण बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति का व्यवहार बताता है कि वह राजा है, मंत्री है या सिपाही है। आपका व्यवहार आपके व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है। आप किसी भी क्षेत्र में जाकर नेतृत्व कर सकते हैं। युवा संसद का मतलब नेताओं की फौज तैयार करना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कुम्भ की चर्चा की। कुम्भ के लिए सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण, पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण कराया गया। आज के पुलिस के जवान का व्यवहार राजा के सिपाही की तरह नहीं बल्कि लोकतंत्र के सिपाही की तरह होना चाहिए। सफलता और विफलता में संतुलन बनाकर चलना है। आप सब भाग्यशाली हैं जो यहां आकर बैठे हैं। विधायक बनने के लिए उन्हें बहुत पापड़ बेलने पड़ते हैं। आप सब सौभाग्यशाली हैं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमारा नेतृत्व युवाओं की चिंता करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 2047 में भारत कैसा होगा, इस दिशा में अभी से कार्य करना होगा। अब राजशाही नहीं है। लोकतंत्र है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के बारे में परसेप्शन बदला है। आठ साल पहले प्रदेश के लोग बाहर जाते थे तो अपनी पहचान छुपाते थे। आज हम गौरवान्वित हो रहे हैं। यह सबके संयुक्त प्रयास से संभव हो सका है। विधानसभा के बारे में गलत बताया गया है। आज इस सदन में डॉक्टर, इंजीनियर, व्यापारी, पीएचडी समेत विभिन्न क्षेत्रों विधायक हैं। पहले कहा जाता था कि जो कुछ नहीं कर रहा वह नेता बनेगा। आज की स्थिति है जो सबकुछ कर सकता है, वह नेता बनेगा। आज आप लोग के बीच में विधायक नीरज बोरा हैं। यह पेशे से चिकित्सक हैं। पेशे से वकील विधायक अनुपमा जायसवाल और बीटेक विधानपरिषद सदस्य पवन सिंह चौहान हैं। जीवन में समय का प्रबंधन जरूरी है। इस अवसर पर विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह युवा संसद युवाओं के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगी। यूपी विधानसभा मंडप में विधायकों की सीट पर प्रतिभागी विद्यार्थी बैठे हुए थे। युवाओं में बेहतरीन उत्साह देखने को मिला।

# गोवा में एक रंग में दिखेंगी सरकारी इमारतें, विधानसभा में सीएम सावंत बोले- भगवा नहीं किया जाएगा



**पणजी,एजेंसी।** गोवा में जल्द ही सभी सरकारी इमारतें एक रंग में दिखाई देंगी। सीएम प्रमोद सावंत ने विधानसभा में बजट पेश किए जाने के दौरान सरकारी इमारतों के लिए एक समान रंग कोड लागू करने का प्रस्ताव पेश किया। जब विपक्ष ने रंग को लेकर पूछा तो सीएम बोले कि इमारतों का रंग भगवा नहीं होगा। सीएम ने कहा कि मैं सरकारी इमारतों को एक समान रंग कोड के साथ पेंट करने का प्रस्ताव करता हूं। सीएम ने कहा कि रंग भगवा नहीं होगा। इसके लिए राज्य सरकार की सभी इमारतों का संरचनात्मक ऑडिट किया जाएगा। कुछ इमारतों का ऑडिट पहले ही शुरू किया जा चुका है। विस्तृत परामर्श रिपोर्ट के आधार पर सुधारात्मक उपाय फास्ट ट्रैक मोड पर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने राज्य की सभी विरासत इमारतों का संरचनात्मक ऑडिट करने का भी प्रस्ताव रखा है। इसके बाद आवश्यकतानुसार सभी विरासत इमारतों का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा। बजट में नए सरकारी भवनों के निर्माण और पुरानी संरचनाओं के रखरखाव और मरम्मत के लिए 273 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। सीएम ने कहा कि दक्षिण गोवा के पुराने कलक्ट्रेट और पुलिस मुख्यालय की इमारतों की मरम्मत का काम पहले ही शुरू हो चुका है। सीएम ने शहरी क्षेत्रों में गर्मी से निपटने के लिए वर्टिकल गार्डन सहित विभिन्न पर्यावरण-अनुकूल पहलों का भी प्रस्ताव रखा। सीएम प्रमोद सावंत ने कहा कि सौंदर्य और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार के लिए प्रमुख राजमार्गों के साथ हरित गलियारे बनाने के लिए सड़क इंजीनियरिंग और डिजाइन पर भी नई नीति पेश की जाएगी। इससे पर्यटकों और लोगों को राहत मिलेगी।

# वसुधैव कुटुम्बकम् का देश परिवारों में एकता के लिए कर रहा संघर्ष; शीर्ष कोर्ट की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** परिवार की संस्था के 'क्षरण' पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत में लोग 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत में विश्वास करते हैं, लेकिन करीबी रिश्तेदारों के साथ भी एकजुट रहने में विफल रहते हैं। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश की 68 वर्षीय समतोला देवी की याचिका का निपटारा करते हुए की। समतोला ने अपने सबसे बड़े बेटे कृष्ण कुमार को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में अपने पारिवारिक घर से बेदखल करने की मांग की थी।

जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस एसवी एन भट्टी की पीठ ने कहा, भारत में हम वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास करते हैं, यानी पूरी धरती एक परिवार है। हालांकि, हम अपने परिवार में भी एकता कायम रखने में सक्षम नहीं हैं, दुनिया के लिए एक परिवार बनाने की बात तो दूर की बात है। परिवार की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है और हम एक व्यक्ति एक परिवार की कगार पर



खड़े हैं। पीठ के समक्ष रिकॉर्ड में लाया गया कि कल्लू मल नामक व्यक्ति (जिनकी बाद में मृत्यु हो गई) और उनकी पत्नी समतोला देवी के पांच बच्चे- तीन बेटे और दो बेटियां थीं। समतोला देवी का सुल्तानपुर में तीन दुकानों वाला एक घर था। समय के साथ, माता-पिता और उनके बेटों, खासकर कृष्ण कुमार, जिन्होंने पारिवारिक व्यवसाय संभाला, के बीच विवाद होने लगे। 2014 में कल्लू मल ने कृष्ण कुमार पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया और एसडीएम से कानून के अनुसार उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। 2017 में दंपती ने भरण-पोषण की मांग की। पारिवारिक अदालत ने दंपती को 8000 रुपये प्रति माह मंजूर किया, जिसे दो बेटों, कृष्ण कुमार और जनार्दन को बराबर चुकाना था। 2019 में बेटे को बेदखल करने की दी थी अर्जी, हाईकोर्ट ने पत्नी ने कृष्ण कुमार को बेदखल I न करने का आदेश दिया

# फाइनेंस कम्पनी ने सील किए मकान के ताले तोड़, सिक्योरिटी गार्ड को धमकाया

**फतेहाबाद,एजेंसी।** फतेहाबाद शहर में हाउसिंग फाइनेंस कंपनी द्वारा सील किए गए घर के ताले तोडने और सिक्योरिटी गार्ड को धमकाने, जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पति-पत्नी पर केस दर्ज हुआ है। इन पर कंपनी अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज हुआ है। दंपती ने होम लोन लेने के बाद किश्तें नहीं भरी, तो 20 मार्च को कंपनी ने प्रशासन की मदद से घर को सीज करवा दिया था। शहर पुलिस को दी शिकायत में कंपनी अधिकारी कैलाश चौधरी ने बताया कि आवास फाइनेंस लिमिटेड एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है। कंपनी का पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय जयपुर में है, जबकि शाखा कार्यालय हिसार में है। कंपनी अपने ग्राहकों को होम लोन के रूप में क्रेडिट सुविधा प्रदान करती है। फतेहाबाद के स्वामी नगर निवासी निशा शाख्या और उसके पति नीरज कुमार को लोन दिया गया था।



पहले 30 नवंबर 2019 को 18 लाख 41 हजार 25 रुपए और फिर 11 अगस्त 2020 को 1 लाख 67 हजार 133 रुपए दिए गए। यह लोन इन्होंने फतेहाबाद की भींवा बस्ती स्थित 271.02 वर्ग फीट जगह की एवज में लिया था। आरोप है कि लोन लेने के बाद उक्त दोनों वित्तीय अनुशासन बनाए रखने में विफल रहे। लोन के करार की शर्तों के अनुसार मासिक किश्तों का भुगतान नहीं किया, जिस पर उनके ऋण खातों को कंपनी ने एनपीए कर दिया। बकाया ऋण वसूली के लिए कंपनी ने 7 मई 2022 को एक डिमांड नोटिस भेजा। नोटिस मिलने के बावजूद लोन नहीं चुकाया। फिर कंपनी ने सरफेजी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्रवाई करते हुए 18 जनवरी 2023 को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष उक्त बंधक रखी गई संपत्ति का कब्जा आवास फाइनेंस लिमिटेड को सौंपने का आदेश पारित करवाया। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश की पालना दंपती की संपति पर कब्जा पाया।

# केंद्रीय मंत्री पीयूष बोले-अच्छे नतीजे निकलेंगे, व्यापार वार्ता सही दिशा में बढ़ रही



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ रही है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इससे भारत का हित सुरक्षित रहेगा और दोनों देशों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि वह कृषि, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल्स सहित विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगों के साथ लगातार बात कर रहे हैं।

**अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा जारी:** साथ ही एक कार्यक्रम में पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर चर्चा जारी है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सही दिशा में बढ़ रही है। इसका अच्छा परिणाम निकलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा से क्या कोई भूचाल आएगा। इस पर गोयल ने कहा कि भारत की विकास गाथा सुरक्षित रहेगी और देश वैश्विक अर्थव्यवस्था को शक्ति प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि भूचाल फ्लाइट में आ सकता है, लेकिन हालात पर कमांडर का पूरा नियंत्रण है। इसलिए फ्लाइट न केवल सुरक्षित लैंड करेगी, बल्कि हम ऐसी कई यात्राओं को सफलतापूर्वक पार करेंगे और विकसित भारत 2047 के गंतव्य तक पहुंचेंगे।

**हम देश को अमृत काल में ले जाएंगे- पीयूष गोयल:** इसके साथ ही गोयल ने कहा कि हम पूरी तरह आश्वस्त हैं कि वैश्विक महाशक्ति बनने के लिए हम देश को अमृत काल में ले जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण से संबंधित वार्ता में वस्तुओं पर शुल्क घटाने सहित भारत की डिजिटल सेवाओं को उदार बनाने पर गहन चर्चा हो रही है। दरअसल सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल (यूएसटीआर) ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में भारत आया हुआ है। इस प्रतिनिधिमंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ बुधवार को शुरू हुई तीन दिवसीय गहन चर्चा शुक्रवार को समाप्त हो जाएगी। कंपनी ने घर पर सिक्योरिटी गार्ड रखा। इसके बाद उक्त ऋणी ने मकान पर लगाए ताले तोड़ दिए। गार्ड को भी निशा शाक्य, नीरज कुमार ने 4-5 अन्य लोगों दिया। आरोप है ।

# भिलाई स्टील प्लांट में फिर लगी आग, हुआ करोड़ों का नुकसान नाइट शिफ्ट वालों पर लापरवाही का शक

**राष्ट्र संवाद संवाददाता कमाल अहमद**

**कोरबा(छःग)** Bhilai Steel Plant में लगी आग

दुर्गः-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोकोवन डिपार्टमेंट में 27/03/25 को सुबह 6 बजे फिर एक बार आग लगने से प्लांट में अफरा-तफरी मच गई. इस घटना से बीएसपी प्रबंधन को करोड़ों का नुकसान हुआ है. बीएसपी के दमकल कर्मियों ने 5 गाड़ी पानी की मदद से लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. फिलहाल इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है. वहीं बीएसपी प्रबंधन हमेशा की तरह इस घटना को छिपाने में लगा रहा. बता दें कि हाल ही में भिलाई स्टील प्लांट में फिर आग लगी थी, जिसमें लाखों का नुकसान हुआ था।बताया जा रहा है कि कोकोवन बैटरी के 9 और 10 के पीछे कन्वेयर बेल्ट नम्बर 4 में आग लगी थी, जिससे बेल्ट लगभग 70 से 80 मीटर बेल्ट जलकर खाक हो गया. बेल्ट को घुमाने में लगे मशीन और केबल भी जलकर खाक हो गए. विभाग के सूत्रों ने बताया कि कोकोवन बैटरी में कोयले के जलने के



दौरान उसे ठंडा करने के बाद उसमें नेप्था लिक्विड का छिड़काव किया जाता जाता है. इसके बाद उसे कन्वेयर बेल्ट में पावडर बनाने के लिए दूसरे डिपार्टमेंट में ले जाया जाता है. इसी दौरान कोयले की आग से यह आग लगी है. इसमें नाइट शिफ्ट वाले ड्यूटी कर्मचारी की लापरवाही मानी जा रही है, क्योंकि जब बेल्ट पूरी तरह जलकर गिर गया तब जाकर दमकल को इसकी सूचना दी गई, जबकि आग को बढ़ने में दो से 3 घंटे का समय लगा होगा.

# हत्या मामले के तीन आरोपितों को हुई आजीवन कारावास की सजा

**प्रयागराज,एजेंसी।** ऑपरेशन कन्वेंशन अभियान के तहत हंडिया थाने की पुलिस टीम की प्रभावी पैरवी की वजह से हत्या मामले के तीन आरोपितों को न्यायालय ने गुरुवार को आजीवन कारावास एवं दस- दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। यह जानकारी शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया सुनील कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हंड़िया थाने में वर्ष 2009 में हंडिया थाना क्षेत्र के सिटकी सरई गांव निवासी राकेश पुत्र परदेशी मुसहर , पड़ोसी अरुण मुसहर पुत्र गया मुसहर और हंडिया के रसार गांव निवासी मुन्नीलाल उर्फ मूलचन्द्र पुत्र मेवालाल मुसहर के खिलाफ धारा 302, 34, 307 भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे आपरेशन कन्वेंशन के तहत हंडिया थाने की पुलिस आरोपितों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी की। परिणाम स्वरूप उक्त तीनों आरोपितों के खिलाफ दोष सिद्ध कराने में पुलिस टीम को सफलता मिल गई। न्यायालय विशेष न्यायाधीश ई.सी. एक्ट प्रयागराज ने उपरोक्त सभी लोगों को 27 मार्च की शाम सजा सुनाया। धारा 302,34 भारतीय दंड 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया ।

# एसईसीएल के नए सीएमडी बने हरीश दुहन,एसईसीएल में भ्रष्टाचार कब रुकेंगे क्या अब रुकेंगे

**राष्ट्र संवाद संवाददाता कमाल अहमद**

**बिलासपुर** : हरीश दुहन ने एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। एसईसीएल मुख्यालय आगमन पर निदेशक मण्डल, सीवीओ, विभागाध्यक्षों अधिकारीयों-कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल की सुरक्षा गार्ड द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्मानित किया गया। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड गेवरा,दीपका,कुस्मुंडा एरिया की बात हो तो भ्रष्टाचार पर लिखने वाले थक जाए पर भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी नहीं थकेंगे सिविल विभाग हो या ए&ट विभाग या फिर खदान से कोयला लोडिंग,हर जगह भ्रष्टाचार भरा हुआ हर कोई अपने-अपने तरीके से भ्रष्टाचार कर रहा है। कुछ दिनों पहले एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट के सिविल विभाग में लिमिटेड टेंडर को लेकर सीबीआई ने रेड की थी। आपको बता दे सिविल विभाग ए&ट विभाग में 40% 50% 55% तक बिलो जाकर आधे और आधे से भी कम



में टेंडर लेकर 100% काम कैसे हो रहा है,100% बिल कैसे बन रहा है,जबकि ठेकेदार प्रॉफिट 15% है,या तो एस्टीमेट अुङ्क५ी बन रहा है या फिर ठेकेदार अपने घर से पैसा लगाकर काम कर रहा है या फिर जबरदस्त एडजस्टमेंट चल रहा है बात समझने की नहीं रही बात समझ में आ रही है। भ्रष्टाचार पर कलम उठी है तो लिखा जाएगा,स्याही बाजार में मिलती है हमेशा लिखा जाएगा। सबको उम्मीद है नए सीएमडी हरीश दुहन इस भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड को एक नई दिशा देंगे।

# कर्नाटक में दूध की कीमतों में चार रुपये/लीटर की बढ़ोतरी पर बवाल; भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार को घेरा

**बंगलूरू,एजेंसी।** कर्नाटक में एक बार फिर दूध की कीमतों में इजाफा किया गया है। इस बार दूध की कीमतों में चार रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इस भारी बढ़ोतरी की वजह से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार पर बड़ा बोझ पड़ेगा। सहकारिता मंत्री के एन. राजन्ना ने गुरुवार को घोषणा की कि 1 अप्रैल से राज्य में दूध की कीमतों में 4 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जाएगी। मंत्री ने कहा कि दूध संघों और किसानों के दबाव के कारण कीमतों में बढ़ोतरी की गई है।

**भाजपा हुई हमलावर:** कर्नाटक में दूध की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर भाजपा सिद्धारमैया सरकार पर हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से करीब 2 साल से दूध की कीमतें,



पेट्रोल की कीमतें, रजिस्ट्रेशन शुल्क, शराब, वाहन कर, वाहन रजिस्ट्रेशन शुल्क और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। एक तरफ वे गारंटी का वादा कर रहे हैं और दूसरी तरफ वे सब कुछ वापस ले रहे हैं। वे अपनी गारंटी पर सालाना 50,000 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा करते हैं, लेकिन बदले में लगभग 60-70,000 करोड़ रुपये कमा रहे हैं। उन्होंने आज दूसरी बार दूध की कीमतें बढ़ाई हैं। इसका मतलब है कि उनकी वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है।

**दिवालियापन, भ्रष्टाचार और मूल्य वृद्धि... सरकार की पहचान:** पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा, कर्नाटक अब दिवालियापन, भ्रष्टाचार और मूल्य वृद्धि के लिए जाना जाता है। लगभग सभी सामुदायिक कीमतें दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। आज ही उन्होंने दूध की कीमत में 4 रुपये की वृद्धि की है और यह एक साल में तीसरी बार है। हर परिवार, खासकर गरीबों पर बहुत बड़ा वित्तीय बोझ है।

**सरकार का तर्क:** संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा, कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला दूध संघ ने लिया है। उन्होंने शुरू में प्रति लीटर 5 रुपये की बढ़ोतरी का अनुरोध किया था, लेकिन सरकार 4 रुपये पर सहमत हो गई। 4 रुपये की पूरी बढ़ोतरी किसानों को मिलेगी। इससे पहले किसानों को 31.68 रुपये प्रति लीटर मिलते थे और इस बढ़ोतरी के साथ उन्हें 4 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। उन्होंने स्वीकार किया कि कीमतों में बढ़ोतरी से जनता को असुविधा हो सकती है। उन्होंने कहा, चूंकि यह 4 रुपये की बढ़ोतरी किसानों के लिए है, इसलिए मैं उनका सहयोग चाहता हूं।

**बस, मेट्रो और बिजली की दर भी बढ़ी:** बस और मेट्रो किराए के साथ-साथ बिजली दरों में हाल ही में की गई बढ़ोतरी के बाद दूध की कीमतों में संशोधन किया गया है। उत्पादन लागत बढ़ने के कारण यह वृद्धि

पशुपालन मंत्री के वेंकटेश ने कहा कि उत्पादन लागत बढ़ने के कारण यह वृद्धि आवश्यक थी। उन्होंने कहा, वर्तमान में कर्नाटक में नंदिनी टोंड दूध (नीला पैकेट) 42 रुपये प्रति लीटर बिकता है। इस संशोधन के बाद यह 46 रुपये प्रति लीटर हो जाएगा। इस वृद्धि का उद्देश्य किसानों को सहायता प्रदान करना है।

# संभल में सार्वजनिक स्थान पर नही पढ़ी जाएगी नमाज -जिलाधिकारी

**संभल,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में अलविदा की नमाज को लेकर कई दिनों से उहापोह की स्थिति बनी हुई थी। छतों पर नमाज पढ़ने से रोके जाने की बात पर मुस्लिम समाज के लोगों में इसका जबरदस्त विरोध देखा गया था। लेकिन आज इसकी साफ हो गयी है। इसको लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने



स्थिति साफ करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थान को छोड़कर कहीं भी नमाज पढ़ सकते हैं। जिलाधिकारी पैंसिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज अलविदा की नमाज है। इसको लेकर सारी तैयारियां की जा चुकी हैं। जिले में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है और 29 मजिस्ट्रेट लगाए हैं। बहुत अच्छे से अलविदा की नमाज पढ़ी जाएगी। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए डीएम ने कहा कि सार्वजनिक स्थान छोड़कर बाकी अपने स्थानों, अपने घरों पर नमाज पढ़ सकते हैं।

# रोजेदारों ने अदा की अलविदा जुमे की नमाज

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार

### तेघड़ा के सभी मस्जिदों में सुरक्षा के बीच अदा की गई अलविदा की नवाज

तेघड़ा थाना क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जामा मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में रोजेदारों ने सिद्धांत के साथ नमाज अदा की।

सामाजिक एकता व सद्भाव के लिए दावत - ए इफ्तार जरूरी

रमजान के पवित्र माह में दावत ए इफ्तार का दौर जारी है। मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदाकार दावत-ए- इफ्तार में शामिल हो रहे हें। रात गांव पंचायत के उप मुखिया सह जन सुराज संस्थापक सदस्य मोहम्मद इब्राईल ने बताया कि रमजान का पाक महीना रोजेदारों के लिए महत्वपूर्ण होता है। रोजेदार भाई दिन भर खाली पेट रहकर अल्लाह से सभी के



सलामती की दुआ करते हें। उन्होंने कहा कि दावत - ए इफ्तार का आयोजन हिंदू व मुस्लिम भाइयों के आपसी भाईचारे को दशार्ता है। और सामाजिक एकता व सद्भाव के लिए इबादत- ए इफ्तार जरूरी है।

गौरा 5 के पूर्व मुखिया सह नगर के पूर्व वार्ड पार्षद महबूब आलम उर्फ करी मुखिया ने कहा कि रमजान के इस पाक महीने के अंतिम दिनों में रोजेदारों की भावनाएं मिश्रित है। एक ओर ईद की खुशियां करीब आ रही है, तो दूसरी ओर रमजान के विदा होने का गम भी है। रोजेदार अल्लाह से दुआ कर रहे हें कि अगले साल भी उन्हें यह मुबारक महीना नसीब हो और वे फिर से इबादत कर सकें।

मक्की मस्जिद के सचिव मोहम्मद अंजरुल अमीन ने बताया कि शब-ए-कद्र की रातों के बीच आने वाले इस आखिरी जुम्मे को अलविदा जुम्मा कहा जाता है। इस खास मौके पर लोग एक-दूसरे को मुबारकबाद दे रहे हें ।और भलाई की दुआएं कर रहे हें।

अलविदा जुम्मे को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ रविंद्र मोहन प्रसाद के निर्देशन एवं तेघड़ा थाना प्रभारी अमलेश कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया गया है।

# संघ की मजबूती से ही हम सभी मजबूत और संबल बन सकते हें: अशोक कुमार ठाकुर

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार

### अनुमंडल ग्राम कचहरी न्याय मित्र संघ की बैठक



27 मार्च गुरुवार को समस्तीपुर जिला अन्तर्गत रोसरा अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, अधिवक्ता संघ में रोसरा अनुमंडल ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ की बैठक नवल किशोर एण्ड टीम के राज्य प्रतिनिधि व बेगूसराय के न्यायमित्र अशोक कुमार ठाकुर के पर्यवेक्षण एवं श्याम भारती की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में उपस्थित न्यायमित्र एकमत से बिहार राज्य ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ पटना के हाथ को मजबुती प्रदान करने के लिए सहमत हुए। उपस्थित न्यायमित्रों एक स्वर में कहा कि हरेक परिस्थितियां में ग्राम कचहरी का सफल संचालन कर ग्राम कचहरी को सुदृढ़ व मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ बिहार राज्य ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ पटना के हाथों को मजबूत करने में हम सभी अपने तन, मन और धन से सबल बनाने के लिए कटिबद्ध हें।संघ की मजबूती से ही हम सभी मजबूत और सबल हो सकते हें। न्याय मित्रों का कर्तव्य ग्राम कचहरी एवं सरपंच को विधिक सलाह देना है ताकि गांव के गरीब जनता को सस्ता,शुलभ और त्वरित न्याय उनके गांव में ही मिल सके । बिहार ग्राम कचहरी के न्यायमित्र अपनी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठता के साथ ग्राम कचहरी का संचालन वर्ष 2007-08 से ही करते आ रहे है, सरकार द्वारा अप्रैल 2015 में न्यायमित्र का मासिक नियत फीस 7000/ रुपए किया गया,तब से आज दस वर्ष बीत जाने के बावजूद भी। उत्तरोत्तर मंहगाई वृद्धि के उपरांत भी बिहार ग्राम कचहरी न्यायमित्र को उसी 7000/सात हजार रुपए मासिक फीस में ग्राम कचहरी का कार्य करना पड़ रहा है। बैठक में उपस्थित न्याय मित्रों ने प्रदेश के नेतृत्व कर्ता साथियों से सरकार से वार्ता कर न्याय मित्रों के मासिक फीस में उचित वृद्धि के लिए बेहतर प्रयास कर अपनी मंजिल प्राप्त कराना पुरे बिहार के न्याय मित्रों का कर्तव्य बनता है और पुरे बिहार के न्याय मित्रों से अनुनय-विनय आह्वान किया जाता है कि संघ की मजबूती में अपना-अपना सहयोग सुनिश्चित करें।संघे शक्ति की कहावत को चरितार्थ करना है और नवल किशोर जी एण्ड टीम को मजबूत बनाना है। बैठक में रोसरा अनुमंडल ग्राम कचहरी संघ के पदाधिकारी त्रिपुरारी ठाकुर,ममता कुमारी,मंजू शर्मा, सत्येंद्र प्रसाद सहनी, अनिल शर्मा, दिनेश यादव, उर्मिला कुमारी, शम्भू मिश्र, शम्भू मंडल, शंकर पंडित, गंगानन्द ठाकुर, उपाध्याय राम,शिवराम कुमार,प्रवीण कुमार ठाकुर, एवं विशेष आमंत्रण पर बेगूसराय के न्यायमित्र शकील अशरफ खां एवं अन्य न्यायमित्र उपस्थित थे ।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं आपसी भाईचारे का पर्व ईद और रामनवमी

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार

### अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित



तेघड़ा प्रखंड कार्यालय के अटल कलाम भवन में 28 मार्च शुक्रवार को को ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीएम राकेश ने की। बैठक में ईद एवं रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण माहौल मनाने को लेकर चर्चा की गई। एसडीम राकेश कुमार ने कहा कि यह दोनों त्यौहार आपसी भाईचारा का पर्व है। शांति व्यवस्था के लिए सभी ईदगाहों व मस्जिदों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनात की जाएगी। उन्होंने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र के सभी ईदगाहों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहेंगे । उन्होंने लोगों से ईद पर्व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि ईद के मौके पर शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा । लोग किसी भी प्रकार के अफवाह से दूर रहें।अगर लोगों को ईद मनाने में ईदगाह तक जाने वाले रास्ते में कोई समस्या हो तो प्रशासन को अवश्य बताएं समय रहते इसका समाधान निकाला जाएगा। बीडीओ राकेश कुमार ने कहा कि सभी लोग ईद पर्व मिलजुल कर आपसी भाईचारे के माहौल में पर्व मनाएं। प्रखंड प्रमुख नरेश पासवान, थाना अध्यक्ष अमलेश कुमार, कनीय अभियंता मौके पर बीडीओ राकेश कुमार, तेघड़ा नगर विद्युत सहायक अभियंता अभिषेक रंजन, सहित पूरे अनुमंडल के विभागीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी आदि मौजूद थे।

# इंटर परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्रा होंगे सम्मानित

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार



तेघड़ा बजलपुरा क्षेत्र में इंटर में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने को लेकर शुक्रवार को जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव महेश प्रसाद सिंह, सुमन प्रसाद सिंह एवं मंजेश कुमार के द्वारा अभियान चलाकर सूची बनाने एवं सम्मान समारोह आयोजन की प्रक्रिया तेज की गई। साथ ही छात्रों के बीच बेहतरीन प्रतिस्पर्द्धा को गति देने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन का निर्णय लिया गया। इसके तहत इस वर्ष 2025 में इंटर व प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजन का निर्णय लिया गया। आगामी निर्धारित तिथि को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस बात की जानकारी देते हुए महेश प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन की तैयारी चल रही है। सामाजिक एकता को प्रदर्शित करने के लिए सभी को सामने आना होगा। उन्होंने हर नगर क्षेत्र में संगाठनिक मजबूती को बल देते हुए कहा कि महिला व पुरुष मंडल बनाकर समाज को और अधिक मजबूत किया जाएगा। सामाजिक कुरीतियों से निपटने, स्वावलंबन व शिक्षा पर बल दिया जाएगा ।

# बीहट नगर परिषद के मुख्य पार्षद ने किया विकासात्मक कार्यों की चर्चा

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार



बीहट नगर परिषद के मुख्य पार्षद बबीता कुमारी ने नगर परिषद बिहट में किए गए कार्यों से संबंधित उपलब्धियां के संबंध में विस्तार पूर्व पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य पार्षद बनने के बाद क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं एवं जनता की समस्याओं को हल करने के लिए प्रयास कर रही हॅ। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गरीब देवघर लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2024-25 के वित्तीय वर्ष में 1940 लाभुकों का चयन किया गया जिसमें 769 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई। शेष बचे हुए लाभुकों की जांच कर यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाएगी। वही निर्धन लोगों के बीच कुटीर उद्योग या व्यवसाय के लिए 1028 लाभों के बीच ऋण वितरण किया गया। जबकि 402 वृद्धिजन पेंशन विकलांगता का लाभ मिला। वही 4259 लाभुक का जन्म मृत्यु का निबंध किया गया। वही कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत 20 लाख राशि का वितरण किया गया। वही 32 वार्डों में सड़क एवं नाला मरमती के योजना के लिए 2 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई। नगर परिषद बिहट क्षेत्र में राज्य योजना के तहत 22 कार्यों की स्वीकृति सड़क नाला बनने के लिए भेजा गया था जिसमें से आठ योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। नगर परिषद बीहट को सुरक्षित रखने के लिए खराब हाय मास्ट लाइट के लिए 23 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई। वही उच्च विद्यालय एवं थाना में खिलाड़ी तथा आम जन के लिए जिम का लाभ दिया गया। वही छठ घाट के सौंदर्य करण के लिए 9 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई ।जबकि सिमरिया घाट मैं मुख्यमंत्री के द्वारा 324 करोड़ की राशि की स्वीकृति दिलाई गई । इस दौरान नगर परिषद बीहट क्षेत्र में साफ सफाई को सुचारू एवं स्वच्छ रखने के लिए डस्टबिन रिक्शा हाथ ठेला स्टील पोल क्षेत्र मशीन की व्यवस्था की। उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण के बाद 46 लाख से अधिक राशि की टैक्स वसूली की जा रही है। इस दौरान मच्छरों से बचाव के लिए कीटनाशक दवा की व्यवस्था की जा रही है। आगे उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षों में क्षेत्र में कई विकासात्मक कार्य किए गए हैं। और आगे कई विकासात्मक कार्य किए जाने की योजना है। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी भूमि पाल जदयू प्रखंड अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह नरेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित व जनजाति शिक्षक संघ प्रखंड इकाई का गठन

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार

### अरुण कुमार राम बने अध्यक्ष, सूरज पासवान सचिव ,

### शिक्षकों के हित में काम करने का संकल्प



प्रखंड के बरौनी एक पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय केलाबाड़ी के प्रांगण में लोकतांत्रिक तरीके से अनुसूचित जाति एवं अनुसूची जनजाति शिक्षक संघ तेघड़ा प्रखंड इकाई का गठन एवं विस्तार किया गया

अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ की प्रखंड स्तरीय इकाई का गठन किया गया। जिसमें सैकड़ो शिक्षकों ने भाग लिया। अध्यक्षता अरुण कुमार राम ने की जबकि संचालन विद्यालय प्रधान नवल किशोर सुमन के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर संगठन को सशक्त बनाने एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा को लेकर चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से उत्क्रमित मध्य विद्यालय दनियालपुर नंबर दो के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार राम को अध्यक्ष, सूरज पासवान को सचिव,नवल किशोर सुमन को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को कोषाध्यक्ष, अधिक कुमार को संयुक्त सचिव, राजकुमार को प्रचार सचिव, अरविंद चौधरी एवं अनिल चौधरी कार्यालय सचिव, दिनेश चौधरी और राजू पासवान अंकेक्षक बनाए गए वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उषा अंबेडकर,प्रियंका कुमारी, मुकेश कुमार रजक और सुरेंद्र चौधरी चुने गए । नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष अरुण कुमार राम ने संगठन को मजबूत करने व कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि संघ कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा व उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में संघ के जिला सचिव अभिनंदन रजक, जिला संयुक्त सचिव विपिन कुमार, जिला उपाध्यक्ष श्री कृष्ण दास के नेतृत्व में विधि वत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संतोष कुमार भारती ,बच्चन देव पासवान, धीरज रजक,रोशन कुमार पासवान ,अनिल कुमार ,जितेंद्र कुमार रजक ,विद्यापति पासवान ,कैलाश पासवान एवं प्रमोद कुमार पासवान आदि मौजूद थे

## बिहार को दो बड़े प्रोजेक्ट की सौगात देने के लिए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

**पटना, ।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्र सरकार की ओर से बिहार को दी गई दो बड़ी परियोजनाओं झ्र कोसी-मेची रिवर लिंक प्रोजेक्ट और पटना-आरा-सासाराम फोरलेन कॉरिडोर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 6,282 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कोसी-मेची रिवर लिंक प्रोजेक्ट बिहार के किसानों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इससे अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, खगड़िया, मधेपुरा सहित अन्य सीमावर्ती जिलों में सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी और बाढ़ की समस्या कम होगी। यह परियोजना कृषि उत्पादकता को नया आयाम देगी और लाखों किसानों को राहत देगी।उन्होंने कहा कि इसके अलावा 3,712 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला पटना-आरा-सासाराम फोरलेन कॉरिडोर बिहार की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा और औद्योगिक, व्यापारिक एवं परिवहन गतिविधियों को गति देगा। यह कॉरिडोर 5 राष्ट्रीय राजमार्गों और 4 राज्य राजमार्गों को जोड़कर बिहार के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करेगा।भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार को लगातार विकास की नई सौगातें मिल रही हैं।

# अलविदा जुमा में बरौनी के आस पास विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों ने देश में अमनो-अमान की मांगी दुआ

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### जामा मस्जिद बरौनी समेत विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्वक पढ़ी गई।

**बरौनी/ बेगूसराय** अलविदा जुमा,में रमजान की फजीलत व ईद के बारे में विस्तृत जानकारी दिए गए। रहमतों और बरकतों का महीना रमजान खत्म होने वाला है,शुक्रवार को भारी तादाद में मुसलमान ने अलविदा जुम्मा की नमाज अदा किया है। क्या है अलविदा जुमा की नमाज अलविदा जुमा का मतलब होता है की जुम्मा को अलविदा कहना रमजान महीने में 4 जुम्मा यानी चार शुक्रवार पड़ते हैं,जिसमें से आखरी जुम्मा को अलविदा जुम्मा के रूप में जाना जाता है। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह से अपने लिए और अपने परिवार सहित देश में अमनों-अमान व खुशहाली के लिए दुआ मांगी है। इसके साथ ही ईद मनाने की तैयारी जोरों शोरों से शुरू हो जाती है। मुसलमान रमजान उल



मुबारक की एक महीने रोजे रखने के बाद एक मजहबी खुशी का त्यौहार मनाते हैं। जिसे ईद उल फितर कहा जाता है। ईद उल फितर इस्लामिक कैलेंडर के दसवें महीने के पहले दिन मनाया जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के सभी महीनों की तरह यह भी नए चांद के दिखने पर शुरू होता है। मुसलमान का त्योहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्यौहार है। इस त्यौहार को सभी आपस में मिलकर मानते हैं। और खुदा से सुख शांति और बरकत के लिए दुआएं मांगते हैं। पूरे विश्व में ईद की खुशी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है।

## सार-संक्षेप

### वक्फ बिल के विरोध बरौनी के मुसलमानों ने अपना खामोश विरोध प्रदर्शन किया




राष्ट्र संवाद
**बरौनी /बेगूसराय:**पवित्र रमजान की आखरी जुमा में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड व तमाम मुस्लिम संगठनों ने आह्वान किया कि भारत के तमाम मुस्लिम भाई काला पट्टी लगाकर नेमाज पढ़ने आएं। हिन्दुस्तान भर के मुसलमानों ने वक्फ बिल के विरोध में अपना संवैधानिक अधिकार के तेहत विरोध प्रदर्शन किया वहीं बरौनी के हमारे बुजुर्ग व नौजवान कहां पिछे रहते। हजारों की संख्या में बरौनी वासी ने जामा मस्जिद के सामने काली पट्टी बांध कर वक्फ बिल के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। नौजवानो ने हाथों में तख्तियां लहरा रहे थे जिस पर लिखा था काला कानून बनाना बन्द करो, वक्फ बिल वापस लो,

हम वक्फ बिल को रिजेक्ट करते हैं, हम सरकार से मांग करते हैं कि धार्मिक आजादी हमारा संवैधानिक अधिकार है इसे छिनने की कोशिश न करे।हम सब कुछ बर्दाश्त कर सकते हैं मगर धार्मिक आजादी में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकते। बरौनी के अलावा फुलवरिया गंज, बारो, गढहरा, तेघड़ा, कटारिया, दामोदरपूर सहित पूरे बेगूसराय में भी वक्फ बिल के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया गया।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए आई पी स्कूल बरियारपुर पूर्वी के छात्र सूरज, परिजनों व शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं

राष्ट्र संवाद
**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में आइडियल प्रेप पब्लिक स्कूल बरियारपुर पूर्वी के छात्र सुरज कुमार ने सफलता प्राप्त की है. सफल छात्र बरियारपुर पूर्वी गांव के ही अजीत कुमार व अनुरेखा देवी के पुत्र सुरज कुमार है. नवोदय विद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा की परिणाम घोषित होते ही बच्चों के माता पिता एवं शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गयी. इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक राजाराम महतो ने बताया कि 27 मार्च को वार्षिक परीक्षा के कारण बच्चे मौजूद नहीं थे, जिसके कारण 28 मार्च को विद्यालय परिसर में उत्तीर्ण छात्र सुरज कुमार अपने सहपाठियों एवं शिक्षकों के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. शिक्षकों व छात्रों ने सुरज को फूल मालाओं से लादकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा सुरज के उज्जवल भविष्य की कामना की. सम्मान समारोह में विद्यालय के निदेशक राजाराम महतो, मनोज कुमार, प्रवीण कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने भी सूरज की सफलताओं के बारे में विस्तार से चर्चा की. साथ ही अन्य बच्चों को भी सुरज के तरह मेहनत कर सफलता प्राप्त करने की बात कही, ताकि आने वाले समय में नवोदय सैनिक स्कूल सिमुलतला ऐसे विद्यालयों में भी इनका रिजल्ट हो सकें.



### कृषि महाविद्यालय के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने से खुशी की लहर

राष्ट्र संवाद ब्यूरो /अशोक कुमार ठाकुर
प्रखंड क्षेत्र के चौकी कृषि फार्म में कृषि महाविद्यालय निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो जाने से क्षेत्र वीडियो में खुशी की लहर है। कृषि महाविद्यालय निर्माण होने से मुंगेर, बेगुसराय, खगड़िया एवं अन्य जिलों के युवाओं को कृषि क्षेत्र की पढ़ाई करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। जानकारी के मुताबिक बिहार में अभी मात्र दो कृषि महाविद्यालय है जो भागलपुर के सबौर और समस्तीपुर के पूसा में स्थित है। दोनो कॉलेज में सीट कम होने की वजह से यहां के छात्रों को दूसरे राज्यों में पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है। जब यहां कॉलेज का निर्माण हो जाएगा तो काफी छात्रों को इसका लाभ मिल सकेगा। इसकी जानकारी देते हुए जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व एमएलसी रुदल राय ने बताया है कि चौकी गाँव में एक कार्यक्रम के दौरान कृषि महा विद्यालय निर्माण की मांग होने पर हमने बेगुसराय के डीएम से मिलकर इसपर त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया जिसपर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए जमीन उपलब्ध कराते हुए कृषि महाविद्यालय निर्माण हेतु करीब 25 एकड़ जमीन उपलब्ध कराते हुए कृषि विभाग सचिव को पत्र भेजकर उक्त भूमि पर कृषि महाविद्यालय निर्माण कराने की अनुशंसा कर दी है जिससे कृषि महाविद्यालय निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है. बताया गया है कि चौकी मौजा के 24.5163 एकड़ जमीन कृषि महाविद्यालय निर्माण हेतु राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र अंतर्गत भूमि चिन्हित किया गया है जो राष्ट्रीय उच्च पथ 31 के नजदीक होने के साथ साथ खगड़िया जिला के समीप है जहां मक्का का अत्यधिक उत्पादन किया जाता है तथा कृषि क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं. प्रस्तावित भूमि के नजदीक कुसमहौत मक्का अनुसंधान केंद्र अवस्थित है..इस जिले में पूर्व से रेशम अनुसंधान केंद्र के स्थापना हेतु भूमि प्रस्तावित है. कृषि महाविद्यालय निर्माण के लिए विभिन्न फसलों एवं कृषि तकनीक के प्रदर्शन के लिए तथा प्रायोगिक खेती के लिए प्रक्षेत्र की आवश्यकता होती है जो प्रस्तावित स्थल के आस पास उपलब्ध है

### अलविदा जुमे की नमाज अकीदत और भाईचारे के साथ रोजेदारों ने की अदा

**अररिया, ।**अररिया सहित पूरे जिले में माहे रमजान के आखिरी जुमा अलविदा जुमे की नमाज पूरी अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। शहर की तमाम मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की आमद शुरू हो गई थी। जैसे-जैसे वक्त बढ़ता गया, अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ती रही।

नमाज के बाद मुल्क की सलामती, समाज में भाईचारा, अमन-ओ-अमान और इंसानियत की तरक्की के लिए रूहानी दुआ की गई, जिस पर तमाम रोजेदारों ने एक साथ आमीन कहा।अररिया और फारबिसगंज की बड़ी जामा मस्जिद, गुदारी मुहल्ला मस्जिद, दल्लू टोला मस्जिद, अली टोला मस्जिद, आलम टोला मस्जिद, दरभंगिया टोला मस्जिद सहित शहर और ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में अलविदा जुमे को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे।

सदर रोड स्थित बड़ी जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज के दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ा। मस्जिद के अंदर जगह कम पड़ने लगी, तो लोग सड़क किनारे कतारबद्ध होकर नमाज अदा करने लगे। सदर रोड से लेकर आसपास के इलाके तक नमाजियों की मौजूदगी ने इस मौके को और खास बना दिया। नमाज की अगुवाई कर रहे जामा मस्जिद गुदरी मोहल्ला के इमाम हजरत रिजवान हाफि ज ने खुतबे में रमजान की फजीलत, अलविदा जुमे की अहमियत और इंसानी जिंदगी पर इसके असर को लेकर तकरीर की।

उन्होंने कहा कि रमजान का महीना अलविदा कह रहा है, लेकिन इस महीने में मिली नेकी, सब्र, भाईचारे और इंसानियत के जज्बे को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने गरीबों, बेसहारों और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख दी और मुल्क में अमन-शांति के लिए दुआ कराई।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

# आईपीएल 2025 आज गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुंबई इंडियंस की होगी रोमांच भिड़ंत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** कप्तान हार्दिक पंड्या की एक मैच के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। दोनों टीमें मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं।

चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैच में हारने के अपने लंबे समय से चले आ रहे मिथक को नहीं तोड़ सकी। चेन्नई ने इस मैच को आसानी से चार विकेट से अपने नाम किया। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाला मैच को 11 रन से गंवा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले और दूसरे मैच के बीच लगभग एक सप्ताह के अंतराल के दौरान रिलायंस की जामनगर स्थित सुविधा में कुछ दिन बिताए। टीम ने यहां आराम करने के साथ आपसी समझ बढ़ाने वाली गतिविधियों पर ध्यान दिया।



टूर्नामेंट अभी अपने शुरुआती दिनों में ही है लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना मुंबई की गेंदबाजी इकाई संघर्ष करते हुए दिखी। इस दौरान पहले मैच में नियमित कप्तान पंड्या की गैरमौजूदगी ने टीम के लिए चीजों को और मुश्किल कर दिया। हार्दिक भारतीय क्रिकेट में मौजूदा समय में इकलौते तेज गेंदबाजी हरफनमौला है। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। उनकी वापसी का मतलब है कि रॉबिन मिंज को शायद बाहर बैठना होगा। मिंज अपने पहले मैच में चेन्नई के खिलाफ चेपॉक मैदान की मुश्किल पिच पर संघर्ष करते दिखे। टीम को हालांकि शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच खेलना है जहां परिस्थितियां पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल दिखी है। इस मैदान पर पंजाब किंग्स (243) और गुजरात टाइटंस (232) के बीच खेले गये पिछले मैच में 475 रन बने थे। बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर गुजरात के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन अहम होगा। वह पिछले कुछ समय से लय में नहीं है और पंजाब के खिलाफ उन्होंने 54 रन लुटा दिये। प्रसिद्ध कृष्णा भी इस मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे।

गुजरात की टीम में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाजों की कमी है और मुख्य कोच आशीष नेहरा के लिए यह चिंता की बात होगी। कैगिसो रबाडा और राशिद खान जैसे दिग्गज विदेशी खिलाड़ियों पर रन रोकने के साथ-साथ विकेट लेने का दबाव पर बहुत अधिक है। मुंबई के लिए भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टेस्ट तथा एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदा लय चिंता का सबब है। हार्दिक की वापसी से टीम की बल्लेबाजी को गहराई मिलेगी जबकि जरूरत पड़ने पर वह नयी गेंद से गेंदबाजी आक्रमण की शुरुआत भी कर सकते है।

मुंबई इंडियंस की एक और समस्या विकेटकीपर बल्लेबाज की है। टीम रयान रिकलेटन पर बहुत अधिक निर्भर है क्योंकि रॉबिन मिंज के पास इस स्तर के क्रिकेट का ज्यादा अनुभव नहीं है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिच पर कलाई के वामहस्त स्पिनर विग्नेश पुथुर ने अपनी प्रतिभा से प्रभावित किया। लेकिन उनकी असली परीक्षा गुजरात टाइटंस के खिलाफ बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर होगी।

## उसकी इस तरह की बल्लेबाजी का मुझे हमेशा खामियाजा भुगतना पड़ा है : मिचेल मार्श



हैदराबाद (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि उन्हें लखनऊ सुपर जाइंट्स के अपने साथी खिलाड़ी निकोलस पूरण के साथ बल्लेबाजी करने में आनंद आता है और उन्हें खुशी है कि वेस्टइंडीज का यह आक्रामक बल्लेबाज अन्य लीग की तरह विरोधी टीम में नहीं है। पूरण लखनऊ की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आसान जीत के नायक रहे। उन्होंने केवल 26 गेंद पर 70 रन बनाए। मार्श ने 31 गेंद पर 52 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। इन दोनों बल्लेबाजों ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में भी अर्धशतक जड़े थे। मार्श ने कहा, 'पूरण की बल्लेबाजी के लिए मेरे पास एक ही शब्द है आकर्षक। मैं लंबे समय से उसके खिलाफ खेलता रहा हूं और उसकी इस तरह की बल्लेबाजी का मुझे हमेशा खामियाजा भुगतना पड़ा है। अब हम जबकि एक ही टीम में हैं तो मुझे लगता है कि हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल है और उम्मीद है कि मैं उसके साथ आगे भी काफी बल्लेबाजी करूंगा। पूरण जब लय में होता है तो मार्श उनके साथ बहुत अधिक बातचीत करके उनका ध्यान भंग नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो हमारे बीच बहुत अधिक बातचीत नहीं होती है। जब कोई बल्लेबाज इस तरह की लय में हो तो आप केवल साझेदारी बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। आज के मैच में उसे रोकना बहुत मुश्किल था। मार्श ने युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव की भी प्रशंसा की जिन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर ट्रैविस हेड का महत्वपूर्ण विकेट लिया और हेनरिक क्लासेन को रन आउट किया। उन्होंने कहा, ''मुझे वास्तव में उस पर गर्व है। उसकी गेंदबाजी में बहुत नियंत्रण था। इस तरह के लंबे टूर्नामेंट में आपकी टीम की गहराई की परीक्षा होती है और उसने सत्र के शुरू में ही जिम्मेदारी बखूबी निभाई।

## रोहित की फिटनेस पर युवराज के पिता योगराज सिंह का बयान, मैं उन्हें 20 किमी दौड़ाऊंगा



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने रोहित शर्मा की फिटनेस पर बात करते हुए बताया कि कैसे 38 की उम्र में भी वह उनकी फिटनेस को कैसे बदल सकते हैं। हालांकि इस दौरान उन्होंने रोहित और विराट कोहली की खराब फॉर्म पर उनका बचाव करते भी नजर आए। भारतीय ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी20 विश्व कप और इसके बाद अजय रहते हुए हाल ही में चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम की। वह आईपीएल में भी सबसे सफल कप्तानों में से है और मुंबई इंडियंस ने उनके नेतृत्व में 5 खिताब जीते हैं।

योगराज ने एक पॉडकास्ट में कहा, अगर आप मुझे भारतीय टीम का कोच बनाते हैं, तो मैं इन्हीं खिलाड़ियों का इस्तेमाल करके टीम को ऐसी टीम में बदल दूंगा जो हमेशा अजेय रहेगी। लोग हमेशा उन्हें बाहर करने के लिए तैयार रहते हैं - रोहित शर्मा को बाहर करें या कोहली को बाहर करें - लेकिन क्यों? वे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। मैं उनके साथ अपने बच्चों की तरह व्यवहार करूंगा और उनसे कहूंगा, मैं तुम्हारे साथ हूं। मैं उनसे कहूंगा, चलो रणजी ट्रॉफी खेलते हैं, या मैं रोहित को 20 किमी दौड़ाऊंगा। कोई भी ऐसा नहीं करता। ये खिलाड़ी हीरे हैं। आप उन्हें बाहर नहीं निकाल सकते। मैं उनके पिता की तरह बनूंगा।

रोहित इन दिनों आईपीएल में व्यस्त हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने पहले मैच में वह शून्य पर आउट हो गए थे। वहीं अगर उनके आईपीएल रिकॉर्ड की बात करें तो 258 मैचों की 253 इनिंग्स में 29.59 की औसत और 109 रन की हाईएस्ट पारी में कुल 6628 रन बनाए हैं। उन्होंने 43 अर्धशतक और 2 शतक बनाए हैं।



## धोनी के प्रति प्रशंसकों का जुनून अजीब, यह खेल के लिए अच्छा नहीं : पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी के प्रति चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों का अभूतपूर्व समर्थन धीरे-धीरे हानिकारक जुनून में बदल गया है जो अन्य बल्लेबाजों के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि दर्शक केवल अपने 'थाला' को बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहते हैं। रायुडू ने कहा कि दर्शकों का समर्थन पहले धोनी के लिए होता है और फिर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए। इससे भविष्य में टीम की ब्रांडिंग को नुकसान पहुंच सकता है क्योंकि टीम हमेशा एक खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती रही है।

रायुडू ने कहा, 'यह किसी नए बल्लेबाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती होती है। दर्शकों का समर्थन अभूतपूर्व होता है लेकिन जब आप खेलने के लिए मैदान पर उतरते हो तब आपको पता चलता है कि यह समर्थन चेन्नई सुपर किंग्स से पहले महेंद्र सिंह धोनी के लिए है। यह बिल्कुल स्पष्ट है और सही भी है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से टीम को इसी तरह से तैयार किया गया है। उन्हें थाला (नेतृत्वकर्ता) नाम सही दिया गया है और उन्होंने चेन्नई की तरफ से अपना प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने चेन्नई की टीम के लिए जो कुछ किया है उससे लोग उन्हें प्यार करते हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से 2020 में संन्यास लेने वाले 43 वर्षीय धोनी ने इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी भी छोड़ दी थी। वह आईपीएल में निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए आते हैं और बमुश्किल उन्हें 10 से 15 गेंद ही खेलने को मिलती हैं। धोनी लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं करते हैं और इसलिए दर्शक उनका बेसब्री से इंतजार करते हैं और जब वह मैदान पर उतरते हैं तो दर्शक अति उत्साहित हो जाते हैं।

रायुडू ने कहा कि ऐसा पिछले कुछ वर्षों से हो रहा है तथा टीम के अन्य खिलाड़ियों को इसका एहसास है लेकिन वह इस बारे में खुलकर बात नहीं करते। रायुडू ने कहा, 'टीम के अंदर भी कई लोगों को इसका एहसास है कि जब अन्य बल्लेबाज बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं तो दर्शक चाहते हैं कि वह जल्दी आउट हो जाएं। इसलिए यह काफी अजीब है और ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि यह खेल के लिए अच्छा है। अन्य खिलाड़ी भी अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं और आज वे जिस स्थिति में है उसके लिए उन्होंने भी काफी बलिदान दिया है। जब आपके अपने प्रशंसकों के कारण इस तरह की चीजें होती है तो मुझे लगता है कि इससे बचा जा सकता है। रायुडू ने कहा कि रविंद्र जडेजा जैसे टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों को भी दर्शकों का समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, 'चेन्नई सुपर किंग्स ने कोई दूसरा ऐसा खिलाड़ी तैयार नहीं किया जो दर्शकों को अपनी तरफ खींच सके क्योंकि वह हमेशा महेंद्र सिंह धोनी के इर्द-गिर्द घूमती रही है।

## क्रिकेटर बनने का सपना था, भयानक चोट से हुए लकवाग्रस्त, अब पैरा टेबल टेनिस में कर रहे कमाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी ऋषित नाथवानी हमेशा से ही पेशेवर क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन 2017 में एक साधारण से कबड्डी मैच के दौरान लगी एक भयानक चोट ने उन्हें गर्दन से नीचे लकवाग्रस्त कर दिया। लेकिन नाथवानी ने उम्मीद नहीं छोड़ी, उन्होंने अपने खेल सफर को जारी रखने के लिए पैरा टेबल टेनिस की ओर रुख किया और यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों (केआईपीजी) 2025 में पुरुषों की क्लास 5 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। नाथवानी ने चोट को याद करते हुए बताया, 'मेरी पीठ में चोट लगी थी। अंदरूनी रक्तस्राव हो रहा था जिससे मेरी नसें फट गई और रीढ़ की हड्डी थोड़ी हिल गई। इससे मैं गर्दन से नीचे लकवाग्रस्त हो गया।

डॉक्टर उनके ठीक होने को लेकर निराशावादी थे, उनका सुझाव था कि वे शायद कभी बिस्तर से ही नहीं उठ पाएं। लेकिन नाथवानी और उनके परिवार ने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में दो महीने 'रिहैबिलिटेशन' में बिताने के बाद नाथवानी धीरे-धीरे अपने ऊपरी शरीर में 'मूवमेंट' हासिल करने लगे। उनका शुरुआती लक्ष्य पेशेवर क्रिकेट में वापसी करना था। लेकिन जैसे-जैसे फिजियोथेरेपी आगे बढ़ी, उन्हें अहसास हुआ कि अब वह इस रास्ते पर नहीं चल सकेंगे, उन्हें दूसरा खेल चुनना होगा होगा। नाथवानी ने कहा, 'चोट के बाद मेरा पहला लक्ष्य पूरी तरह से ठीक होना और पेशेवर क्रिकेट में वापसी करना था। दो साल तक फिजियोथेरेपी की और काफी हद तक ठीक हो गया, लेकिन मेरे पैर ठीक नहीं हुए। संयोग से पैरा टेबल टेनिस उनके जीवन में आया। अपनी मां के साथ एक यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात उनके पहले कोच अशोक पाल से हुई जो एक छोटी सी दुकान में पैरा टेबल टेनिस सिखा रहे थे। पाल ने उनकी काबिलियत पर भरोसा दिखाया और नाथवानी ने ट्रेनिंग शुरू कर दी। नाथवानी ने कहा, 'उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं खेलता हूं तो मैं राष्ट्रीय स्तर पर जीत सकता हूं। जब वह 19 साल के थे, उन्होंने 2021 में अपनी पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता जिसने भविष्य की सफलता के लिए मंच तैयार किया। अब नाथवानी का लक्ष्य अपनी विश्व रैंकिंग में सुधार करना और फिर 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। लेकिन वह समझते हैं कि इस यात्रा के लिए समर्पण की आवश्यकता है, अपनी रैंकिंग को बनाए रखने और सुधारने के लिए वह सालाना कम से कम छह अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लेने की योजना बना रहे हैं। नाथवानी की सफलता के पीछे उनके परिवार का अटूट समर्थन है,

## लखनऊ 17वें ओवर में ही जीती, हैदराबाद को 5 विकेट से हराया




**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद को आखिरकार घरेलू मैदान राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हार का स्वाद चखना पड़ा। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्हें 5 विकेट से हार झेलनी पड़ी। टॉस की शुरूआत तक हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस बड़ा स्कोर बनाने का दावा कर रहे थे लेकिन पंत ने अपनी सूझबूझ से हैदराबाद को 190 रन पर ही रोक दिया। जवाब में 17वें ओवर में ही लखनऊ ने जीत हासिल कर ली। हैदराबाद की ओर से ट्रेविस हेड ने 47, अनिकेत वर्मा ने 36 रन बनाकर स्कोर 190 तक पहुंचाया। लखनऊ के लिए शार्दुल ठाकुर ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। जवाब में मिचेल मार्श ने 52 तो निकोल्स पूरन ने 70 रन बनाकर अपनी टीम को जीत की ओर धकेल दिया। अंत में अब्दुल समद ने भी 8 गेंदों पर 22 रन बनाए और 17वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी। हैदराबाद की शुरूआत खराब रही। क्योंकि तीसरे ही ओवर में अभिषेक शर्मा और ईशन किशन लगातार 2 गेंदों पर आऊट हो गए। लखनऊ के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने उनकी विकेट निकाली। इस दौरान ट्रेविस हेड ने एकछोर संभाला और ताबड़तोड़ शॉट लगाए। उन्होंने 28 गेंदों पर 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 47 रन बनाए। नीतीश रेड्डी और हेनरिक क्लासेन ने मिलकर स्कोर 100 पार पहुंचाया। क्लासेन 26 तो नीतीश रेड्डी 32 रन बनाकर आऊट हुए। इस दौरान अनिकेत वर्मा ने 13 गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 36 रन बनाकर स्कोर 150 पार लगाया। मोहम्मद शमी 1 रन बनाकर आऊट हुए। वह शार्दुल ठाकुर का चौथा शिकार रहे। हर्षल पटेल ने 12 रन बनाकर स्कोर 9 विकेट पर 190 तक पहुंचाया। लखनऊ की शुरूआत खराब रही थी। क्योंकि ऐडन मारक्रम महज 1 रन बनाकर आऊट हो गए।

## पूरन ने अपनी छक्के मारने की क्षमता का राज खोला, दो आईपीएल मैचों में लगा चुके हैं 13 सिक्स

**हैदराबाद (तेलंगाना) (एजेंसी)।** निकोलस पूरन छक्के मारने या अपनी बल्ले की गति पर काम करने की योजना नहीं बनाते हैं, उनके अनुसार, वे बस 'अविश्वसनीय प्रतिभा' से संपन्न हैं। छक्के मारने की मशीन पूरन ने लगातार छक्के मारने जारी रखा और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मौजूदा संस्करण में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए सिर्फ दो मैचों में 13 छक्के लगाए।

29 वर्षीय खिलाड़ी ने सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार हमला करते हुए मात्र 26 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली और सुपर जायंट्स को 191 रनों के लक्ष्य का आसानी से पीछा करने और कुछ ओवर शेष रहते पांच विकेट से जीत दर्ज करने में मदद की। पूरन ने अपने द्वारा अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण की एक झलक दी, जिससे वह गेंद को आसानी से स्टैंड में पहुंचा सकते हैं और बाउंड्री की बौछार कर सकते हैं। कैरेबियाई स्टार के लिए उनकी सफलता की कुंजी ताकत में नहीं बल्कि उनके शॉट की टाइमिंग में निहित है। पूरन ने कहा, मैं छक्के मारने की योजना नहीं बनाता। मैं बस अच्छी स्थिति में आने की पूरी कोशिश करता हूं, और अगर वह सही स्थिति में है, तो मैं गेंद को सही समय पर मारता हूं।



पिछले 9 वर्षों में, मैं अपने कौशल पर काम कर रहा हूं। जाहिर है, मुझे पावरप्ले में भी ऊपर बल्लेबाजी करने का मौका मिल रहा है। जब विकेट अच्छा हो, तो इसका फायदा उठाना वास्तव में महत्वपूर्ण है। जाहिर है, जब मैच होता है, तो आप अपने कौशल का प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करते हैं। मोहम्मद शमी द्वारा एडेन मार्करम का विकेट लेकर मेहमान टीम को शुरुआत में ही झकझोरने के बाद पूरन सुपर जायंट्स के 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10वीं गेंद पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। उन्होंने अपनी लय में आने में ज़्यादा समय बर्बाद नहीं किया और दूसरी गेंद पर ही चौका जड़ दिया। उन्होंने तीसरे ओवर में सिमरजीत सिंह पर हमला किया और दो शानदार छक्के लगाए जिसमें उन्होंने बिना किसी प्रयास के छक्के जड़ने की अपनी क्षमता का परिचय दिया। पावरप्ले के अंत में पूरन ने 16 गेंदों पर चार चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 44 रन बनाए।